# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, मंगलवार 23 जून 2026




प्रारंभिक जांच में एसी में शार्ट सर्किट की बताई जा रही आग लगने की वजह






# कोचिंग में आग, कुछ बाथरूम में छिपे कुछ ने लगाई छलांग, 15 की गई जान



- अग्निकांड की जांच के लिए एसआईटी गठित, चार अफसर सस्पेंड
- कंप्यूटर व लाइब्रेरी साइंस की कोचिंग ले रहे थे 40 बच्चे, इनमें से 15 की जलकर मौत

## यूपी में भीषण हादसा, धू-धू कर जली इमारत, मौके पर पहुंचे सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लखनऊ

*यूपी की राजधानी लखनऊ में सोमवार को अलीगंज क्षेत्र के पुरनिया में एक कोचिंग सेंटर में भीषण आग लग गई। आग लगने के बाद बिल्डिंग में धुआं भर गया। इससे अंदर मौजूद छात्रों में भगदड़ मच गई। कई छात्र जान बचाने बाथरूम में घुस गए, वहां दम घुटने से 15 की मौत हो गई। कुछ छात्र ऊंचाई से छलांग लगा दी। इससे वह घायल हो गए।*

लखनऊ अग्निकांड में बड़ा एक्शन हुआ है। पुलिस ने जांच के बाद बिल्डिंग मालिक समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में 3 लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई है। जिनकी गिरफ्तारी हुई है, उनमें बिल्डिंग मालिक वीरेंद्र शुक्ला और एनिमेशन ट्रेनिंग स्टूडियो का मालिक तुषांत जैसवाल शामिल हैं। इसके अलावा एक और आरोपी रामकृष्ण उपाध्याय की भी गिरफ्तारी हुई है। इस मामले में चार अफसर भी सस्पेंड कर दिए गए हैं। इस हादसे के बाद सीएम योगी ने अपने सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं और इसकी सख्त जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने सोमवार देर शाम हादसे को लेकर हाईलेवल मीटिंग की थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घटना में लोगों की मौत पर दुख जाहिर करते हुए मृतकों के परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए की सहायता देने का ऐलान किया। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी मृतकों के परिजन को पांच-पांच लाख तथा घायलों को 50-50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटनास्थल पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने मामले की जांच के ▶▶|शेष पेज 6 पर

### पीड़ित परिवारों से मिले योगी

सीएम योगी ने लखनऊ को अलीगंज इलाके में पहुंचकर घटना स्थल का जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल पहुंचकर घायलों के परिजनों से भी मुलाकात की है। अधिकारियों के मुताबिक आदित्यनाथ ने पुलिस महानिदेशक और अपर मुख्य सचिव (गृह) मौके पर जाकर घटना का जायजा लेने और रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस मामले की तह में जाकर दोषियों को सजा दिलाई जाएगी।



### छात्रों की चीख-पुकार मची

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग लगते ही कुछ ही मिनटों में पूरी इमारत धुएं से भर गई। अंदर मौजूद छात्रों में चीख-पुकार मच गई। कई बच्चों को समझ ही नहीं आया कि बाहर निकलने का रास्ता कहां है। कुछ छात्र जान बचाने के लिए बाथरूम में छिप गए, जबकि कई अन्य ने ऊंचाई से छलांग लगाकर अपनी जान बचाने की कोशिश की।

### डिप्टी सीएम, बोले- मैंने अपनी आंखों से देखे 14 शव

घटनास्थल पर मृतकों और घायलों के लिए एंबुलेंस कम पड़ गईं। मौके पर मौजूद डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक इस मंजर को देखकर रो पड़े। उन्होंने कहा- मैंने अपनी आंखों के सामने लाशें निकलती देखी हैं। लखनऊ के जिलाधिकारी और प्रशासनिक टीम के साथ पुलिस बल मौजूद रहा। बगल के घर की छत से सेंटर की दीवार काटकर रेस्क्यू का प्रयास किया गया।

### पीएम राहत कोष से दो-दो लाख

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस घटना में लोगों की मौत पर दुख जाहिर करते हुए मृतकों के परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए की सहायता देने का ऐलान किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, लखनऊ में अग्नि दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दुखद एवं हृदय विदारक है। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। प्रभु श्रीराम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को शांति तथा घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।



### दीवार तोड़कर चलाया गया रेस्क्यू ऑपरेशन

हादसा इतना भयावह था कि मौके पर मौजूद लोग भी भावुक हो गए। कई बच्चों को घायल अवस्था में बाहर निकाला गया। राहत और बचाव कार्य के दौरान आसपास के लोगों ने भी अपनी जान जोखिम में डालकर छात्रों को सुरक्षित निकालने का प्रयास किया। बगल के मकान की छत से कोचिंग सेंटर की दीवार तोड़कर अंदर फंसे लोगों तक पहुंचने की कोशिश की गई।



---

## खबर संक्षेप

### तुषार मेहता 2029 तक रहेंगे सॉलिसिटर जनरल



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता का कार्यकाल एक बार फिर तीन साल के लिए बढ़ा दिया है। कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने उनकी 1 जुलाई 2026 से 30 जून 2029 तक पुनर्नियुक्ति को मंजूरी दी है। मेहता अक्टूबर 2018 में पहली बार सॉलिसिटर जनरल बने थे। इसके बाद उनका कार्यकाल पहले दो बार बढ़ाया जा चुका है और अब उन्हें लगातार तीसरी बार तीन साल का विस्तार मिला है। मेहता केंद्र सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट और अन्य संवैधानिक अदालतों में पैरवी करने वाले प्रमुख कानून अधिकारियों में शामिल हैं। उन्होंने अनुच्छेद 370, राष्ट्रीय सुरक्षा, चुनाव सुधार, डिजिटल नियमन और केंद्र-राज्य विवादों से जुड़े कई अहम मामलों में सरकार का पक्ष रखा है।

### बंगाल :1 लाख नौकरियां 33% महिला आरक्षण

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की भाजपा सरकार ने सोमवार को अपना पहला बजट पेश किया। वित्त मंत्री स्वप्न दासगुप्ता ने 1 लाख सरकारी पदों पर भर्ती का ऐलान किया। इनमें 20 हजार पुलिस और 50 हजार शिक्षक और गैर-शिक्षकीय पद शामिल हैं। इनमें 33% नौकरियां महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। अग्निवीरों को 10% आरक्षण मिलेगा। सरकार ने कहा कि 1 अक्टूबर से सरकारी कर्मचारियों का डीए 18% से बढ़ाकर 38% किया जाएगा। महिलाओं के अन्नपूर्णा योजना पर 36 हजार करोड़ खर्च किए जाएंगे। सरकार ने अल्पसंख्यक कल्याण और मदरसा विभाग के लिए फंड 5,713 करोड़ से घटाकर 2,165.42 करोड़ कर दिया है। सरकार ने कहा कि उसे पिछली टीएमसी सरकार से 8.15 लाख करोड़ का कर्ज मिला है।

12 साल पहले सरपंच ने किया था सुसाइड ठेकेदार की सात साल की सजा रद्द

## उधार दिए पैसे मांगना आत्महत्या के लिए उकसाना नहीं, सजा रद्द



खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने 12 साल पहले सुसाइड के मामले में महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा है कि 'किसी व्यक्ति को दी गई उधार की रकम वापस मांगना, बार-बार संपर्क करना या कानूनी कार्रवाई की चेतावनी देना आत्महत्या के लिए उकसाने की श्रेणी में नहीं आता।' छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने यह टिप्पणी करते हुए 12 साल पुराने आत्महत्या मामले में दोषी ठहराए गए आरोपी की 7 साल की सजा रद्द कर दी। उसे सभी आरोपों से ▶▶|शेष पेज 6 पर

### ट्रायल कोर्ट ने सुनाई थी 7 साल की सजा

धमतरी की विशेष अदालत ने मामले की सुनवाई के बाद आरोपी अशोक वाधवानी को एससी-एसटी एक्ट के आरोपों से बरी कर दिया था, लेकिन आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण (आईपीसी धारा 306) का दोषी मानते हुए 7 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई थी। इसके खिलाफ आरोपी ने हाईकोर्ट में अपील दायर की। वहीं, मृतक की पत्नी सतवती बाई और बेटे इंद्र कुमार ने भी याचिका दाखिल कर सजा बढ़ाने और एससी-एसटी एक्ट के तहत कार्रवाई की मांग की थी।

सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा

### सीएम साय ने विशेष ट्रेन को दिखाई हरी झंडी



**1000** से अधिक प्रदेश के विशिष्टजन हुए रवाना

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोमवार को यहां राजधानी रायपुर के रेलवे स्टेशन से सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के लिए विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर सोमनाथ स्वाभिमान सांस्कृतिक यात्रा का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने सोमनाथ स्वाभिमान सांस्कृतिक यात्रा पर जा रहे श्रद्धालुओं से मुलाकात की और उनकी मंगलमय यात्रा की कामना करते हुए उन्हें अंगवस्त्र भेंट किया।

### कुछ देर के लिए ठप पड़ा एक्स

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स को सोमवार शाम कुछ समय के लिए तकनीकी समस्या का सामना करना पड़ा। इस दौरान कई यूजर्स ने लॉगिन करने, पोस्ट देखने और प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करने में परेशानी की शिकायत की। आउटेज ट्रैक करने वाली वेबसाइट डाउन डिटेक्टर पर अचानक शिकायतों की संख्या तेजी से बढ़ गई। शाम 7:35 बजे तक वेबसाइट पर 1758 से ज्यादा शिकायतें दर्ज की गईं। इससे पहले शिकायतों की संख्या केवल 2 के आसपास थी, जिससे साफ पता चलता है कि समस्या अचानक आई थी।

दो दिन पहले शुरू हुआ था उत्पादन

## कतर की फैक्ट्री में बड़ा धमाका, 12 भारतीय समेत 13 की मौत



**दुबई।** कतर के रास लाफान औद्योगिक शहर में एलएनजी फैक्ट्री में हुए धमाके में मारे गए 13 लोगों में 12 भारतीय शामिल हैं। दोहा स्थित भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, कतर के अधिकारियों ने पुष्टि की है कि रविवार रात रास लाफान में हुए हादसे में 12 भारतीय नागरिकों की मौत हो गई। पोस्ट में कतर के अधिकारियों के हवासे कहा गया है कि धमाके में घायल लोगों का उचित इलाज किया जा रहा है और उनकी हालत स्थिर है। इसमें कहा गया है, दूतावास इस घटना से प्रभावित भारतीय नागरिकों और उनके परिवारों को हर संभव मदद मुहैया कराने के लिए कतर के अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहा है।

### भारतीय दूतावस बोला- कतर के अधिकारियों से संपर्क में

दोहा स्थित भारतीय दूतावास ने कहा है कि वह कतर के अधिकारियों के लगातार संपर्क में है। मृतकों तथा घायलों के परिवारों को हरसंभव मदद दी जाएगी। दूतावास ने +974-55647502 और +975-55384683 हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। इसके अलावा **cons.doha@mea.gov.in** ईमेल के जरिए भी संपर्क किया जा सकता है। इससे पहले दूतावास ने कहा था कि कई लोग घायल हुए हैं और कुछ लोग लापता हैं।

## देशभर में चरणबद्ध तरीके से बंद होंगे पीजी डिप्लोमा मेडिकल कोर्स

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

**शैक्षणिक सत्र 2026-27 होगा पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश का अंतिम वर्ष**

राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने घोषणा की है कि देशभर में संचालित पोस्टग्रेजुएट (पीजी) डिप्लोमा मेडिकल कोर्स को चरणबद्ध तरीके से समाप्त किया जाएगा और उनकी जगह व्यापक विशेषज्ञता वाले एमडी और एमएस डिग्री प्रोग्राम शुरू किए जाएंगे।

एनएमसी की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, शैक्षणिक सत्र 2026-27 पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश का अंतिम वर्ष होगा। इसके बाद 2027-28 सत्र से इन कोर्सों में कोई नया प्रवेश नहीं दिया जाएगा और धीरे-धीरे ये कार्यक्रम पूरी तरह समाप्त हो जाएंगे। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग का कहना है कि इस कदम का उद्देश्य देश में स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा को अधिक मानकीकृत, गुणवत्तापूर्ण और वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाना है। आयोग के अनुसार, एमडी और एमएस जैसी डिग्री को विशेषज्ञ चिकित्सा प्रशिक्षण के लिए अधिक व्यापक और मान्यता प्राप्त माना जाता है। एनएमसी का मानना है कि इस बदलाव से मेडिकल संस्थानों में उपलब्ध संसाधनों, फैकल्टी और इंफ्रास्ट्रक्चर का बेहतर उपयोग किया जा सकेगा।




### पहले ही दिए गए थे संकेत

यह निर्णय पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन रेगुलेशंस (पीजीएमईआर) 2023 के प्रावधानों के अनुरूप है। इन नियमों में पहले ही मेडिकल कॉलेजों को डिप्लोमा सीटों को डिग्री सीटों में बदलने की अनुमति दी गई थी। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया था कि नए पीजी डिप्लोमा कोर्स शुरू करने या मौजूदा सीटों में वृद्धि के लिए कोई नया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

राजनीति में बगावतों का दौर, बागियों ने बढ़ाई सियासी हलचल

## उद्धव गुट के 6 सांसदों ने थामा शिंदे का हाथ

एजेंसी ▶▶| मुंबई

देश की राजनीति में इस वक्त बगावतों का दौर चल रहा है। पहले आम आदमी पार्टी के राज्यसभा कैंप में बगावत, फिर तमिलनाडु के चुनाव नतीजे आने के बाद अन्नाद्रमुक के सांसदों का बागी रवैया, इसके बाद पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के सांसदों और विधायकों का टूटना और अब महाराष्ट्र में शिवसेना (उद्धव-बालासाहेब) ठाकरे में चार साल के अंदर एक और टूट। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने घोषणा की कि शिवसेना (उबाठा) के छह बागी सांसदों ने सत्ताधारी शिवसेना का दामन थाम लिया। इससे उद्धव ठाकरे के गुट में एक और विभाजन की प्रक्रिया पूरी हो गई।

**शिवसेना (यूबीटी) के ये सांसद शिंदे के साथ**



संजय हरिभाऊ जाधव, भाऊसाहेब राजाराम वाकचौरे, ओमप्रकाश भूपालसिंह निंबालकर, संजय दीना पाटिल, संजय उत्तमराव देशमुख, नागेश बापुराव पाटिल अष्टिकर

### बागियों के खिलाफ उद्धव ने खोला मोर्चा

शिवसेना-यूबीटी के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने बागी सांसदों के खिलाफ सीधे तौर पर मोर्चा खोल दिया है। उद्धव ठाकरे आगामी 27 से 29 जून तक राज्य के उन सभी निर्वाचन क्षेत्रों का तूफानी दौरा करेंगे, जहां के सांसदों ने हाल ही में पाला बदलकर शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना का दामन थाम लिया है।

### शिंदे बोले- ऑपरेशन टाइगर पूरा

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने ऑपरेशन टाइगर अब पूरा हो गया है। ऑपरेशन टाइगर महाराष्ट्र की राजनीति में इस्तेमाल किया जा रहा एक शब्द है, जो शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना की तरफ से उद्धव ठाकरे गुट के नेताओं और सांसदों को अपने पाले में लाने की एक कथित कोशिश का पर्याय माना जाता है। शुरुआत में चर्चाएं थीं कि शिवसेना-यूबीटी के नौ लोकसभा सांसदों में से छह से सात सांसद शिंदे गुट के संपर्क में हैं।

सिंधु जल संधि पर पाकिस्तान की भारत को धमकी

## 'जिस पल जल सुरक्षा पर खतरा लगेगा हम जंग शुरू कर देंगे'




**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने सिंधु जल संधि स्थगित रहने को लेकर भारत को धमकी दी है। पाकिस्तानी चैनल न्यूज से बातचीत में आसिफ ने कहा कि अगर पाकिस्तान को लगा कि उसकी जल सुरक्षा खतरे में है, तो वह भारत के खिलाफ जंग छेड़ सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत पाकिस्तान के हिस्से के पानी के प्रवाह में दखल दे रहा है और रणनीतिक हथियार के तौर पर इसका इस्तेमाल कर रहा है। हालांकि उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि पिछले एक साल में इस मामले में क्या नए घटनाक्रम हुए हैं, इसकी उन्हें पूरी जानकारी नहीं है। अप्रैल 2025 में पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद भारत ने 1960 की सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया था। भारत का कहना है कि जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं करता, तब तक संधि बहाल नहीं की जाएगी।

**गंभीर जल संकट का सामना कर रहा पाक :** रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तान इस समय गंभीर जल संकट का सामना कर रहा है। खासकर सिंध और बलूचिस्तान में पानी की कमी लगातार बढ़ रही है। सिंध के सिंचाई विभाग के आंकड़ों के मुताबिक- नॉर्थ वेस्ट कैनाल में 64.1% पानी की कमी है। राइस कैनाल में 38% की कमी दर्ज की गई है।

### भारत के नदी प्रोजेक्ट से डरा पाक

इस्लामाबाद ने आरोप लगाया है कि सिंधु समझौते के तहत पाकिस्तान के हिस्से में आने वाली नदियों पर भारत बांध बनाकर पानी का रास्ता मोड़ रहा है, जिसके चलते पाकिस्तान के सामने आर्थिक तबाही का खतरा मंडरा रहा है। भारत ने हाल ही में चिनाब-ब्यान लिंक टनल के मेगा प्रोजेक्ट पर काम तेज कर दिया है। चिनाब नदी के ऊपरी शाखा पर बन रहा यह प्रोजेक्ट पानी को टनल के रास्ते ब्यास नदी में मोड़ देगा। पहले से ही पानी की कमी से जूझ रहा पाकिस्तान इससे घबराया हुआ है।



## खबर संक्षेप

### 12 तहसीलदार बने डिप्टी कलेक्टर

**रायपुर।** राज्य शासन ने एक साथ 12 तहसीलदारों को डिप्टी कलेक्टर पदोन्नत करते हुए तबादला आदेश जारी किया है। पदोन्नत अधिकारियों की सेवाएं छत्तीसगढ़ राज्य प्रशासनिक सेवा के प्रावधानों के अंतर्गत शासित होगी। जिन तहसीलदारों को पदोन्नत किया गया है, उनमें भवानीशंकर साव महासमुंद से डिप्टी कलेक्टर बिलासपुर, मुकेश कुमार बजाज भू-अभिलेख शाखा नया रायपुर से डिप्टी कलेक्टर धमतरी, सालिक राम गुप्ता बलरामपुर से डिप्टी कलेक्टर बिलासपुर, कृष्णकुमार साहू महासमुंद से डिप्टी कलेक्टर बेमेतरा, रिचा सिंह रायगढ़ से डिप्टी कलेक्टर जांजगीर-चांपा, शिल्पा भगत बिलासपुर से डिप्टी कलेक्टर रायगढ़, राकेश कुमार वर्मा राजस्व निरीक्षक प्रशिक्षण शाला बिलासपुर से डिप्टी कलेक्टर रायगढ़, प्रेमु लाल साहू धमतरी से डिप्टी कलेक्टर दुर्ग, प्रकाश सोनी रायपुर से डिप्टी कलेक्टर दुर्ग, आशुतोष शर्मा बालोद से डिप्टी कलेक्टर कबीरधाम, अभिषेक राठौर बिलासपुर से डिप्टी कलेक्टर कोरबा् और मीना साहू दुर्ग से डिप्टी कलेक्टर रायपुर के पद पर पदस्थ किया गया है।

### सहयोग केंद्र में मंत्री राजेश अग्रवाल ने किया संवाद

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री राजेश अग्रवाल ने सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय 'कुशाभाऊ ठाकरे परिसर' स्थित 'सहयोग केन्द्र' में प्रदेशभर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से सीधे मुलाकात कर उनकी समस्याओं व सुझावों को सुना। राज्य के अलग-अलग क्षेत्रों से 125 से अधिक कार्यकर्ताओं से मंत्री ने एक-एक कर सभी से संवाद किया और उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ. नवीन मार्कण्डेय और सहयोग केन्द्र प्रभारी सच्चिदानंद उपासने उपस्थित रहे।

### 6 जुलाई को विशेष सामान्य सभा

**रायपुर।** रायपुर नगर निगम की विशेष सामान्य सभा 6 जुलाई को महात्मा गांधी सदन के सामान्य सभागार में प्रातः 11 बजे होगी। नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर ने 6 जुलाई को विशेष सामान्य सभा कराने की तारीख घोषित कर दी है। यह विशेष सामान्य सभा शहर की सफाई, पेयजल और भवन निर्माण तथा अतिक्रमण जैसे ज्वलंत मुद्दों पर केंद्रित रहेगी। सभा में सफाई, पेयजल के मुद्दे पर सदन में हंगामा के आसार हैं। दरअसल, महापौर मीनल चौबे ने सभापति सूर्यकांत राठौर को पत्र लिखकर जल्द नगर निगम की विशेष सामान्य सभा बुलाने का अनुरोध किया था। उनके पत्र के आधार पर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर ने महापौर मीनल चौबे, निगम आयुक्त संबित मिश्रा, नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी से राय मश्विरा कर विशेष सामान्य सभा की तारीक्ष 6 जुलाई को घोषित कर दी है।

# पहली बार आरटीई के दूसरे चरण के लिए आवेदन नहीं, पुरानी अर्जी के आधार पर ही आवंटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आरटीई की रिक्त सीटों के लिए दोबारा आवेदन नहीं होंगे। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा अपने शेड्यूल में बदलाव कर दिया गया है। आरटीई के पहले चरण के दौरान जो आवेदन प्राप्त हुए थे, उसके आधार पर ही रिक्त सीटें भरी जाएंगी।

■ सीटों की कम संख्या को देखते हुए नहीं मंगाए जा रहे नए आवेदन

ऐसा आरटीई की कम हुई सीटों के कारण किया जा रहा है। प्रदेश में आरटीई सीटों पर दाखिले संबंधित नियमों में वर्तमान शैक्षणिक सत्र से बदलाव किए गए हैं। बीते सत्र तक पहली कक्षा सहित नर्सरी, पीपी-1 व पीपी-2 में भी आरटीई के अंतर्गत प्रवेश प्रदान किए जाते रहे हैं। वर्तमान शैक्षणिक सत्र से केवल पहली कक्षा में ही छात्रों को आरटीई में दाखिले दिए जा रहे हैं। पिछले वर्ष प्रदेश में आरटीई की 53 हजार सीटें थीं। इस वर्ष केवल 23139 सीटें ही हैं। प्रदेश के 33 जिलों में 6879 स्कूलों की ये सीटें हैं। इन सीटों के लिए प्रथम चरण की आवेदन प्रक्रिया के दौरान 38439 आवेदन मिले थे। आरटीई की 14 हजार सीटों पर पहले चरण के दौरान ही प्रवेश दिए जा चुके हैं। 10 हजार से कम सीटों के लिए 1 से 11 जुलाई तक पंजीयन होना था। नोडल वेरिफिकेशन के बाद 27 से 31 जुलाई का समय लॉटरी के लिए तय किया गया था। इसमें संशोधन कर नवीन आदेश जारी कर दिया गया है।




इस बार प्रदेश में आरटीई की सिर्फ 23139 सीटें, 14 हजार में हो चुके हैं दाखिले

### फीस वृद्धि के लिए बनी है कमेटी

शैक्षणिक सत्र 2026-27 आरटीई के संदर्भ में विवादों भरा रहा है। आरटीई लागू होने से लेकर अब तक एक बार भी प्रतिपूर्ति राशि में वृद्धि नहीं होने के विरोध में निजी स्कूलों ने आरटीई का बहिष्कार किया था। प्रथम चरण की चयन सूची जारी होने के बाद भी लंबे समय तक छात्रों को प्रवेश नहीं दिया गया। कुछ दिनों पूर्व ही निजी स्कूलों ने आंदोलन वापस लेते हुए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की थी। अब प्रतिपूर्ति राशि में बढ़ोत्तरी के लिए कमेटी का गठन किया गया है।

### 6 जुलाई को निकाली जाएगी लॉटरी

संशोधित आदेश के अनुसार, 17 से 30 जून तक आवेदन संशोधन किया जाएगा। जिन पालकों ने प्रथम चरण में आवेदन किए थे, वे सीट आवंटित नहीं होने की स्थिति में दूसरे विद्यालय का चयन कर सकेंगे। 17 जून से 3 जुलाई तक नोडल द्वारा आवेदन का सत्यापन किया जाएगा। 6 जुलाई को लॉटरी निकाली जाएगी तथा चयनित छात्र 8 से 17 जुलाई तक संबंधित विद्यालय में प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे। अर्थात अब केवल वे ही पालक आरटीई लॉटरी का हिस्सा होंगे, जिन्होंने प्रथम चरण में आवेदन किए थे। द्वितीय चरण में नवीन आवेदन की कोई सुविधा प्रदान नहीं की गई है।

## मुख्य सचिव ने विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

# सरकार की सभी आनलाइन सर्विसेज आएंगी सेवा सेतु पोर्टल में, सीएस का निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव विकासशील ने सोमवार को राज्य के सभी भारसाधक सचिवों की एक बड़ी बैठक ली। इस बैठक में उन्होंने विभागों के महत्वपूर्ण कार्यों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा की। मुख्य सचिव सभी ऑनलाइन सेवाओं को सेवा सेतु में लाने के लिए कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। मुख्य सचिव ने 13 जुलाई से 17 जुलाई 2026 तक आयोजित छत्तीसगढ़ विधानसभा सत्र के लिए विभागों के अंतर्गत सभी जरूरी तैयारियों के साथ विभागीय अधिकारियों को विधानसभा में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

■ विभागीय सचिवों की ली उच्च स्तरीय बैठक



### सचिवों को याद दिलाई शासन की प्राथमिकता

मुख्य सचिव ने विभागीय अधिकारियों को शासन के सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यों को वरीयता देने के निर्देश दिए है। मुख्य सचिव ने योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रगति की लगातार मानिटरिंग करने के निर्देश दिए है। बैठक में ई-ऑफिस, लोक सेवा गारंटी, नियद नेल्लानार डेसबोर्ड, सुघ्घर छत्तीसगढ़, पीएम प्रगति पोर्टल, ई-प्रगति सीजी स्टेट पोर्टल, डी रेगुलेशन ई-गजट, सेवा सेतु, मनरेगा, पीएम सूर्य घर बिजली सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं की प्रगति के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली गई। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को विभागों के अंतर्गत रिक्त पदों की सूची अद्यतन करने एवं कर्मचारी चयन मंडल के कार्यों की प्रगति की विस्तार से जानकारी सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारियों से ली।

### बैठक में शामिल हुए ये अधिकारी

बैठक में गृह एवं जेल विभाग की प्रमुख सचिव निहारिका बारिक सिंह, विधि एवं विधायी विभाग की प्रमुख सचिव सुषमा सावंत, आदिम जाति विकास विभाग के सचिव सोनमणि बोरा, महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रमख सचिव शहला निगार, मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण विभाग के सचिव मुकेश कुमार बंसल, मुख्यमंत्री एवं सुशासन एवं अभिसरण विभाग के सचिव राहुल भगत, गृह विभाग की सचिव नेहा चम्पावत, सामान्य प्रशासन एवं वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के सचिव रजत कुमार, सूचना एवं प्रौद्योगिकी एवं आवास एवं पर्यावरण विभाग के सचिव अंकित आनंद, परिवहन विभाग के सचिव एस.प्रकाश, सामान्य प्रशासन, जन शिकायत निवारण एवं उच्च शिक्षा विभाग के सचिव अविनाश चम्पावत, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उभोक्ता संरक्षण एवं वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग की सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की सचिव आर.शंगीता, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के सचिव बसवराजु एस., जल संसाधन विभाग के सचिव राजेश सुकुमार टोप्पो, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की सचिव शम्मी आबिदी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुल हक, वाणिज्यिक कर (पंजीयन) सचिव भुवनेश यादव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव भीम सिंह सहित राज्य शासन के अन्य विभागों के सचिव मौजूद थे।

### पत्थर से सिर कुचलकर युवक की हत्या

**रायपुर।** डब्लूआरएस कालोनी के खुले मैदान पर रविवार देर रात एक युवक की सिर कुचली लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। मृतक की पहचान उसके हाथ में गुदे गोदना से हुई है। हत्या किन लोगों ने की है, हत्या की वजह क्या है, इसकी फिलहाल जानकारी नहीं मिल पाई है। मौके पर पहुंची खमतराई थाने की पुलिस तथा फोरेंसिंक एक्सपर्ट की टीम जांच कर रही है। मृतक की पहचान खमतराई, शहीद नगर निवासी रूपेश भारती के रूप में हुई है। दाहिने हाथ पर आरके सारथी गुदा हुआ है। जिन लोगों ने हत्या की है, उन लोगों ने मृतक की पहचान न हो, इसके लिए चेहरे को पत्थर से बुरी तरह से कुचल दिया था। मैदान से गुजर रहे लोगों ने खून से लथपथ युवक को देखा, इसके बाद पुलिस को घटना की सूचना दी। पूछताछ में पुलिस को जानकारी मिली है कि मृतक की लाश मिलने से दो दिन पूर्व किन्हीं लड़कों के साथ विवाद हुआ था। विवाद किन लड़कों के साथ हुआ था, इसकी जानकारी पुलिस को नहीं मिल पाई है। इस संबंध में पुलिस मृतक के परिजन तथा उसके दोस्तों से पूछताछ कर रही है। मृतक का किसी तरह से पुलिस रिकार्ड नहीं है। डब्लूआरएस कालोनी के जिस खुले मैदान पर लाश मिली है, वह नशेड़ियों का अड्डा है। नशेड़ी तथा अपराधी वर्ग के लोग देर रात मैदान पर बैठकर अपराधिक घटना करने के साथ नशा करते हैं। आशंका जताई जा रही है, मृतक का अपराधिक किस्म के लड़कों के साथ विवाद हुआ होगा। इसके बाद उन लोगों ने उसकी हत्या कर दी होगी। पुलिस तथा पेट्रोलिंग की टीम मैदान पर देर रात बैठने वाले लोगों के बारे में भी जानकारी जुटाकर उनसे पूछताछ करने की बात कह रही है।

# मंत्रालय में 145 पदों पर होगी संविदा नियुक्ति

## व्यापम में एक साल से अटकी हुई है नियमित भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मंत्रालय में कनिष्ठ संवर्ग में कर्मचारियों की कमी को पूरा करने संविदा नियुक्ति करने का फैसला किया गया है। कनिष्ठ सचिवालय सहायक ग्रेड 3 के 145 पदों पर ये नियुक्तियां की जाएंगी। ये पद अनुभवी व पुराने रिटायर्ड कर्मचारियों से भरे जाएंगे।

इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने भर्ती प्रक्रिया तय कर दी है। एसीएस पंचायत ग्रामीण विकास, प्रमुख सचिव विधि और सचिव जीएडी प्रकोष्ठ की बैठक में यह निर्णय लिया गया। निर्णय के अनुसार जुलाई 25 से नियमित नियुक्ति व्यापम में लंबित होने की वजह से संविदा नियुक्ति का निर्णय लिया गया है। बताया गया है कि अत्यधिक संख्या में पद रिक्त होने से कनिष्ठ सचिवालय सहायक के पद की तत्काल पूर्ति किया जाना संभव नहीं हो पा रहा है। अतः पदों की रिक्तता, सचिवालयीन विभागों द्वारा की जा रही उक्त पदों की मांग छ.ग. सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 अथवा आउटसोर्सिंग के माध्यम से वैकल्पिक व्यवस्था के आधार पर भरे जाने पर विचार किया जा सकता है।



### संविदा व अनुकंपा नियुक्ति से करें समायोजन- झा

कर्मचारी नेता विजय कुमार झा ने कहा, प्रदेश में सहायक ग्रेड-3 के पदों पर नियुक्ति नहीं हो रही है। दूसरी ओर लोकसभा, विधानसभा और पंचायत चुनावों को संपन्न कराने वाले प्रदेश के सभी जिला निर्वाचन कार्यालयों में संविदा सहायक ग्रेड -3 कर्मचारी भी कार्यरत हैं, उन्हें इन रिक्त व स्वीकृत 145 पदों पर समायोजन करना चाहिए। सहायक ग्रेड-3 संविदा कर्मियों तथा अनुकंपा नियुक्ति के लंबित तृतीय श्रेणी के पदों के आवेदनों का निराकरण कर इन रिक्त पदों पर नियुक्ति दिए जाने की मांग मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, एवं मुख्य सचिव विकासशील से किया गया है।

### इन शर्तों पर होगी भर्ती

सेवानिवृत्त कर्मचारियों से संविदा से पदों को भरे जाने की प्रक्रिया-कनिष्ठ सचिवालय सहायक के 145 रिक्त पदों की पूर्ति संविदा के माध्यम से केन्द्र, छग राज्य, छग में स्थित केन्द्र शासित सार्वजनिक उपक्रम की नियमित शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हो चुके ऐसे कर्मचारियों से की जाएगी, जो 70 वर्ष की आयु से कम हो।

### देखा जाएगा अंतिम तीन वर्षों का गोपनीय प्रतिवेदन

उक्त पद की शैक्षणिक अर्हता पूर्ण करते हो तथा कम्प्यूटर के माध्यम से हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों में टायपिंग कार्य करने में दक्ष तथा अन्य कार्यालयीन कार्य जैसे ई मेल एवं माइक्रो साफ्ट, एक्सल, पॉवर पाइंट सहित आनलाईन के माध्यम से किये जाने वाले आवश्यक सभी कार्य करने में दक्ष हो। आवेदक की सेवानिवृत्ति तिथि से पूर्व 3 वर्षों का गोपनीय प्रतिवेदन बहुत अच्छा अथवा इससे उच्च श्रेणी का हो, उनसे आवेदन आमंत्रित कर कार्यवाही की जाएगी।

# सारंगढ़-बिलाईगढ़ की पूजा ने जीती मारुति स्विफ्ट कार

## आवास मेला-2025 के लक्की ड्रॉ, विजेताओं की घोषणा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय आवास मेला-2025 तथा 31 दिसम्बर 2025 तक मंडल की विभिन्न आवासीय एवं व्यावसायिक योजनाओं में पंजीयन कराकर भवन आबंटन प्राप्त करने वाले पात्र हितग्राहियों के लिए विशेष लक्की ड्रॉ सोमवार को मंडल मुख्यालय में निकाला गया।

लक्की ड्रॉ के दौरान छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव तथा आयुक्त अवनीश शरण उपस्थित थे। ड्रॉ लॉटरी पद्धति के माध्यम से पारदर्शी एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराई गई।

आवास मेले तथा निर्धारित अवधि में पंजीयन कराने वाले पात्र हितग्राहियों के लिए आयोजित इस विशेष लक्की ड्रॉ में मारुति स्विफ्ट कार, होंडा शाइन मोटर साइकिल, होंडा एक्टिवा स्कूटी, वाशिंग मशीन, रेफ्रिजरेटर (फ्रिज), एलईडी टेलीविजन सहित अन्य आकर्षक उपहारों के लिए विजेताओं का चयन किया गया।



### बंपर उपहार के विजेता

विशेष लक्की ड्रॉ के अंतर्गत बम्पर उपहार मारुति स्विफ्ट कार सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले की पूजा बरेठ ने जीती। होंडा शाइन मोटरसाइकिल कोरबा जिले के खरमोरा निवासी रवि प्रकाश राठौर को मिली। होंडा एक्टिवा स्कूटी भी कोरबा के कृष्ण कुमार को प्राप्त हुई। रेफ्रिजरेटर की प्रथम विजेता सुषमा गुप्ता रहीं। दूसरा रेफ्रिजरेटर अरुण कुमार प्रधान ने जीता। वाशिंग मशीन के विजेताओं में ओम सोनी कोहका की रेणुका घृतलहरे ने जीती। एलईडी टेलीविजन के विजेताओं में गजेन्द्र कुमार यादव, संजीत कुमार साहू रहे।

# सीयू ने दैवेभो कर्मचारियों को दिया बढ़ा हुआ वेतन पर रेगुलर पद का नहीं

## न्यायालय ने यूनिवर्सिटी प्रबंधन से मांगा शपथ पत्र

**बिलासपुर।** गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी प्रबंधन द्वारा इस माह दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को बढ़ा हुआ वेतन भुगतान किया गया है। लेकिन कर्मचारियों का अभी भी मानना है कि उन्हें बढ़ा हुआ वेतन दिया गया है, किन्तु रेगुलर पद का वेतनमान नहीं दिया गया है। दूसरी तरफ उच्च न्यायालय ने भी अवमानना मामले में इस संबंध में यूनिवर्सिटी प्रबंधन से शपथ पत्र प्रस्तुत करने कहा है।

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को पिछले सप्ताह मई माह के वेतन का भुगतान किया गया। इस बार इन कर्मचारियों को बढ़ा हुआ वेतन भुगतान किया गया, जिससे कर्मचारियों में खुशी की लहर दौड़ गई थी। लेकिन बाद में उन्हें पता चला कि अन्य रेगुलर कर्मचारियों के अपेक्षा उनका वेतन कम है, जिसे लेकर उनकी आपत्ति है। इन कर्मचारियों के नियमितीकरण संबंधी अवमानना मामले की सुनवाई उच्च न्यायालय में 19 जून को हुई थी, जिसमें यूनिवर्सिटी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि मई माह के लिए कर्मचारियों का उनके संबंधित नियमित पदों पर वेतनमान समायोजित कर दिया गया है। इस पर कर्मचारियों की ओर से अधिवक्ता ने आपत्ति करते हुए कहा था कि कार्यरत कर्मचारियों को एक माह का रेंडम वेतन दिया गया है और कर्मचारियों को चतुर्थ वर्ग का बताया गया है जबकि कर्मचारी अलग-अलग वर्ग के हैं। इस पर न्यायालय ने यूनिवर्सिटी से शपथ पत्र प्रस्तुत करने कहा है जिसमें संबंधित कर्मचारियों का नियमित वेतनमान और उनके द्वारा धारित पद का वर्तमान वेतन बताया गया हो।



### वर्ष 2008 में हुआ था 109 कर्मचारियों का नियमितीकरण

गुरु घासीदास यूनिवर्सिटी में वर्ष 2008 में तृतीय व चतुर्थ वर्ग के 109 दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को यूनिवर्सिटी में नियमितीकरण किया गया था। लेकिन जैसे ही 2009 में सेंट्रल यूनिवर्सिटी का दर्जा मिला इन कर्मचारियों के नियमितीकरण आदेश को निरस्त कर दिया गया। यह मामला हाईकोर्ट से सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा और कर्मचारियों के पक्ष में फैसला आया। सुप्रीम कोर्ट से यूनिवर्सिटी की रिव्यू पिटीशन एसएलपी खारिज हो गई है। इस मामले को लेकर दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की ओर से यूनिवर्सिटी के खिलाफ हाईकोर्ट में अवमानना याचिका लगाई गई है जिसपर सुनवाई चल रही है।

### सत्यापन पश्चात 65 कर्मचारियों को वेतन भुगतान

उच्च न्यायालय द्वारा अवमानना मामले में दिए गए आदेश के बाद यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा नियमितीकरण संबंध में एक कमेटी बनाई गई और दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों से आवश्यक दस्तावेज जमा कराए गए। कर्मचारियों के दस्तावेजों का सत्यापन पश्चात यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा वर्तमान में कार्यरत करीब 65 कर्मचारियों को मई माह का वेतन बढ़ाकर पिछले सप्ताह भुगतान किया गया है, किन्तु किसी तरह का एरियर्स का भुगतान नहीं किया गया है।

## एक्सपर्ट गाइड की मदद से जनजातीय लोगों को प्रशिक्षित किया जाएगा

# कभी लाल आतंक के साये में जीने वाले यूएसटीआर के जनजातीय लोग बनेंगे हॉर्नबिल गाइड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

वनों के अंदर चहचहाने वाले पक्षी अब ग्रामीणों के लिए आय का साधन जुटाएंगे। जिन घने वनक्षेत्रों में पहले गोलियों की आवाज गूंजती थी, उन क्षेत्रों में अब पर्यटकों की चहल कदमी बढ़ने वाली है।

■ उत्तराखंड तर्ज पर विकसित किए जाएंगे ट्रैकिंग बर्ड वाचिंग

उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के अमलोर, ओढ़ और आमामोरा में बड़े पैमाने पर हॉर्नबिल प्रजाति के पक्षियों की संख्या को देखते हुए यूएसटीआर प्रबंधन इसे रोजगार तथा पर्यटन से जोड़ने जा रहा है। इसके लिए स्थानीय जनजातीय समूह को बर्ड वाचिंग प्रशिक्षण कराया जा रहा है, जिससे वे नेचर गाइड, हार्नबिल गाइड के रूप में रोजगार प्राप्त करेंगे।उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर वरुण जैन के मुताबिक मध्य भारत में प्रकृति-आधारित सामुदायिक पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। पीवीटीजी (विशेष रूप से बलनरेबल जनजातीय समूह) के गांव ओढ़, अमलोर और आमामोरा में 'हॉर्नबिल सफारी' शुरू करने का निर्णय लिया गया है। पिछले चार वर्षों में यूएसटीआर में मालाबार पाइड हॉर्नबिल की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। यह सकारात्मक परिवर्तन निरंतर एंटी-पोचिंग ऑपरेशन, बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई, फलदार वृक्षों के संरक्षण एवं रोपण से इन प्रजातियों के पक्षियों की संख्या बढ़ी है।



### हॉर्नबिल के अलावा इन प्रजातियों के पक्षी

यूएसटीआर में हॉर्नबिलों के अलावा शाहिन बाज (दुनिया का सबसे तेज उड़ने वाला पक्षी), भारतीय पिट्टा, ब्राउन फिश आउल, ग्रे-हेडेड फिश ईगल, विभिन्न प्रजाति के कठफोड़वा, बार्बेट, मिनिवेट तथा अनेक प्रवासी एवं स्थानीय पक्षियों की इस वन क्षेत्र में मौजूदगी है। पर्यटकों को यहां भारतीय विशाल गिलहरी और भारतीय विशाल उड़न गिलहरी नियमित दिखाई देती है।

### ट्रैकिंग के साथ बर्ड वाचिंग

वर्ड प्रेमियों के लिए यूएसटीआर में पहली बार बर्ड वाचिंग के साथ ट्रैकिंग की सुविधा उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था की जा रही है। बर्ड वाचिंग के लिए अलग बाइनोक्यूलर की व्यवस्था की जाएगी। ट्रैकिंग कर बर्ड वाचिंग की सुविधा उत्तराखंड जैसे पाहड़ी राज्यों में है।

### ग्रामीण बनेंगे हॉर्नबिल वाचिंग गाइड

यूएसटीआर में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए दो नई जिप्सी की व्यवस्था की गई है। साथ ही ओढ़, अमलोर और आमामोरा के स्थानीय ग्रामीणों को एक्सपर्ट गाइड के माध्यम से प्रशिक्षण कराए जाने की व्यवस्था की जा रही है। ग्रामीणों के प्रशिक्षण के बाद उन्हें ग्रामीण हॉर्नबिल गाइड बनाकर आने वाले पर्यटकों को बर्ड वाचिंग कराने का काम कराया जाएगा। जिन क्षेत्रों में हॉर्नबिल पाए जाते हैं, उन क्षेत्रों में विशेष टीम गठित कर हॉर्नबिल की गतिविधियों, घोंसलों और आवासों की निगरानी कराई जा रही है। इन प्रयासों से अब इन गांवों के आसपास के वन क्षेत्र हॉर्नबिलों के सुरक्षित आश्रय और आकर्षक बर्डिंग स्थानों के रूप में उभर रहे हैं।

# चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का बार-बार तबादला करना गलत- हाईकोर्ट

हाईकोर्ट ने एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के बार-बार किए जा रहे तबादले पर कड़ा रुख अपनाते हुए राहत प्रदान की है। जस्टिस बीडी गुरु के सिंगल बेंच ने छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ मर्यादित के मुख्यालय, नवा रायपुर में पदस्थ वाहन चालक के रायगढ़ ट्रांसफर आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है। कोर्ट ने माना कि महज 15 महीने के भीतर एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को दोबारा स्थानांतरित करना प्रथम दृष्टया न्यायसंगत नहीं है।

याचिकाकर्ता वैभव शुक्ला छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के नवा रायपुर स्थित मुख्यालय में वाहन चालक (चतुर्थ श्रेणी) के पद पर कार्यरत हैं। विभाग ने 8 जून 2026 को एक आदेश जारी कर उनका तबादला जिला लघु वनोपज संघ, रायगढ़ कर दिया था। विभाग के इस फैसले के खिलाफ उन्होंने अधिवक्ता पी. आचार्य के माध्यम से हाई कोर्ट में रिट याचिका दायर की थी। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि इससे पहले 19 फरवरी 2025 को एक ट्रांसफर आदेश के जरिए वैभव शुक्ला को धरमजयगढ़ से रायपुर भेजा गया था, जहां उन्होंने 6 मार्च 2025 को अपनी जॉइनिंग दी थी। रायपुर मुख्यालय में जॉइन किए अभी महज 15 महीने ही हुए थे कि विभाग ने उन्हें फिर से रायगढ़ भेज दिया। याचिका में पक्षपात का आरोप लगाते हुए यह भी कहा गया कि रायपुर मुख्यालय में कई ऐसे वाहन चालक पदस्थ हैं, जो लंबे समय से जमे हुए हैं। एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को महज 15 महीने में दोबारा हटाना बार-बार तबादला की श्रेणी में आता है, जो स्थापित स्थानांतरण नीति के खिलाफ है।

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

**बिलासपुर**

**मंगलवार 23 जून 2026**

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष नवमी

वर्ष : 26, अंक : 93

पृष्ठ : 10+6+8 = 24 मूल्य : 5 .00***

**मौसम**

अधि. 38.5

न्यून. 30.1

haribhoomi.com


*राज्य के 33 में से केवल 3 जिलों का ही पूरा धान उठ पाया*



## सोसाइटियों में 81 हजार मीट्रिक टन धान, कागजों में यही आंकड़ा दर्ज, पर स्थल से हो गए गायब

### अब या तो प्रबंधक भरेंगे धान या उसकी कीमत नहीं तो होगी एफआईआर

**अलग खबर**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में देर-सबेर मानसून की एंट्री हो गई है, लेकिन राज्य में धान उपार्जन करने वाली सोसाइटियों के रिकार्ड में अभी भी 81 हजार 827.37 मीट्रिक टन धान दिखाई दे रहा है। मोटे तौर पर ये माना जा रहा है कि धान का केवल आंकड़ा ही बचा है। मौके से धान गायब है। भौतिक सत्यापन के दौरान पहले भी इस बात की पुष्टि होती रही है। अब या सोसाइटी प्रबंधकों को धान जमा करना होगा, या उसके बराबर की राशि, नहीं तो शार्टेज वाली सोसाइटी प्रबंधकों के खिलाफ एफआईआर होना तय माना जा रहा है।

**ये है मामला**

छत्तीसगढ़ में पिछले साल नवंबर से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी शुरू की गई थी। यह काम बढ़ी हुई तारीख के साथ फरवरी के प्रथम सप्ताह तक किया गया। खरीदे गए धान का परिवहन या तो संग्रहण केंद्र में किया जाना था, या सोसाइटी से मिलरों को दिया जाना था, लेकिन इन दोनों काम में देर की वजह से धान का उठाव नहीं हो पाया। अभी ये पूरी तरह साफ नहीं है कि किन सोसाइटियों में कितना धान मौके पर मौजूद है, लेकिन सरकारी आंकड़ों में साफ-साफ लिखा है कि कहां कितना धान बचा है।



**30 जिलों में धान की मात्रा शेष**

राज्य के 33 जिलों की 2 हजार 740 सोसाइटियों के माध्यम से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदा गया था। इस धान का उठाव अप्रैल मई तक पूरा हो जाना था, लेकिन यह नहीं हुआ। राज्य में केवल तीन जिलों दंतेवाड़ा, कोरबा और धमतरी जिले से ही पूरे धान का उठाव हो पाया है। बाकी 30 जिलों के धान उपार्जन केंद्रों में धान की मात्रा शेष है। यह आंकड़ा हर जिले का अलग-अलग है। कहीं ज्यादा, कहीं कम।

**अब बचे धान का जिम्मेदार कौन**

इस पूरे मामले में मोटे तौर पर ये बात कही जा सकती है कि जिन सोसाइटियों में धान बचा है, अगर उसका उठाव नहीं किया गया तो वह मानसून की बारिश में सही सलामत नहीं बच पाएगा। लेकिन जहां धान की कोई मात्रा भौतिक रूप से नहीं बची है, उसकी जिम्मेदारी सोसाइटी प्रबंधक के सिर होगी। इस मामले में या तो प्रबंधकों को या तो शार्टेज धान की मात्रा के बराबर धान जमा करना होगा। या उसकी कीमत की राशि। ये दोनों काम नहीं करने वाले प्रबंधकों पर एफआईआर की जाएगी। उन पर धान के गबन का मामला बनना तय है।

---

## खबर संक्षेप

### सीआईएसएफ के मुख्यालय की रखी आधारशिला

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार ने सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के नए मुख्यालय भवन की आधारशिला रखी। सीआईएसएफ के लिए यह नया भवन लोधी रोड स्थित सीजीओ कॉम्प्लेक्स में मौजूदा मुख्यालय भवन के निकट बनाया जाएगा यह भवन 0.66 एकड़ भूमि पर लगभग 75.78 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित किया जाएगा।





### सोते समय भाई, भाभी और भतीजे की हत्या

**गोरखपुर।** गोरखपुर जिले के बलुआ गांव में सोमवार तड़के 16 साल के एक किशोर ने कथित तौर पर धारदार हथियार से अपने बड़े भाई, भाभी और तीन साल के भतीजे की सोते समय हत्या कर दी। आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। यह घटना जिला मुख्यालय से करीब 50 किलोमीटर दूर बांसगांव थाना क्षेत्र के बलुआ गांव में सुबह लगभग तीन बजे हुई। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान अमित गुप्ता, उनकी पत्नी रंजना गुप्ता और उनके बेटे रेयांश गुप्ता के रूप में हुई है।

### हवाईअड्डे पर 4.83 करोड़ का गांजा बरामद

**नई दिल्ली।** नयी दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने बैंकॉक से आए एक भारतीय यात्री से लगभग 4.80 करोड़ रुपए मूल्य का हाइड्रोपोनिक गांजा बरामद करने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। यात्री 21 जून को एअर इंडिया की उड़ान एआई 2335 से बैंकॉक से आया था।



### कुएं में गिरा हाथी का बच्चा, तीन घंटे में निकाला

**पत्तनमथिट्टा।** केरल के थन्निथोडु क्षेत्र में एक निजी परिसर में स्थित कुएं में गिर गए जंगली हाथी के बच्चे को वन विभाग ने सोमवार को करीब तीन घंटे तक चले बचाव अभियान के बाद सुरक्षित बाहर निकाल लिया। हाथियों का एक झुंड जंगल से भटककर स्थानीय निवासी गोपी के रबर के खेत में घुस गया था, जो वन क्षेत्र के पास स्थित है। रविवार रात को हाथी का बच्चा लगभग 20 फीट गहरे एक सूखे कुएं में गिर गया था। सोमवार तड़के करीब चार बजे स्थानीय लोगों ने हाथियों की आवाजें सुनीं।

### 'आधार' मोबाइल ऐप 3.1 करोड़ से अधिक बार डाउनलोड

**नई दिल्ली।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण की तरफ से पेश नए 'आधार' मोबाइल ऐप को पांच माह के भीतर ही 3.1 करोड़ से अधिक बार डाउनलोड किया जा चुका है। इस ऐप के माध्यम से करीब 40 लाख उपयोगकर्ताओं ने अपने मोबाइल नंबर को अद्यतन किया है, जबकि लगभग 8.5 लाख लोगों ने पते में संशोधन की सुविधा का उपयोग किया है।





---

## रायपुर समेत कई शहरों में झमाझम, दंतेवाड़ा से 48 घंटे में फैलेगा मानसून

# 7 दिन देर से बरसी 'मानसूनी राहत'...दंतेवाड़ा से एंट्री, आज-कल में रायपुर में मंगल प्रवेश



*सात दिन विलंब से ही सही आखिरकार दक्षिण पश्चिम मानसून ने दंतेवाड़ा के रास्ते छत्तीसगढ़ में प्रवेश कर लिया। मानसून की एंट्री जोरदार रही और बस्तर के कई इलाकों में अच्छी बारिश हुई। दोपहर राजधानी रायपुर समेत कई शहरों में भी काफी देर कर पानी बरसा। परिस्थितियां अनुकूल होने की वजह से इसके अगले 48 घंटे में प्रदेश के बड़े इलाके को कव्हर करने की उम्मीद है। राज्य में आने वाले दिनों में वर्षा की गतिविधि बढ़ने के आसार बन रहे हैं।*

**खास खबर**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सिस्टम के अभाव में प्रदेश के दक्षिणी सीमा पर काफी समय तक जमे रहने के बाद मानसून ने 22 जून को दंतेवाड़ा तक प्रवेश कर लिया। मानसून के प्रवेश के दौरान दंतेवाड़ा, जगदलपुर समेत बस्तर के कई इलाकों में बारिश हुई। इतना ही नहीं, मानसूनी बादल ने राजधानी रायपुर समेत आसपास के इलाकों में भी असर दिखाया और दोपहर में यहां भी काफी देर तक बरसात होती रही। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि प्रदेश के अधिकतर स्थानों पर बरसने वाले बादल छाए हुए हैं यानी मानसून के आगे बढ़ने की अनुकूल परिस्थिति बनी हुई है। माना जा रहा है कि बारिश की गतिविधि बढ़ने के साथ अगले 48 घंटे में छत्तीसगढ़ का बड़ा हिस्सा मानसून की जद में आ सकता है। बरसात की गतिविधि शुरू होने के बाद तापमान में गिरावट आने से तेज गर्मी का प्रभाव कम हुआ है, मगर पर्याप्त बारिश होने तक उमस वाली बेचैनी लोगों को हलाकान कर सकती है। वर्तमान में मानसून की उत्तरी सीमा अलीबाग, पुणे, निजामाबाद, दंतेवाड़ा, बलांगीर, सुंदरगढ़, चात्र, गया, मुजफ्फरपुर है। इसके अलावा सीजनल द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर राजस्थान से बिहार तक स्थित है।


**मानसून द्रोणिका का सहारा**

मौसम विशेषज्ञों की मानें, तो अभी मानसून को जोरदार तरीके से सक्रिय करने के लायक बंगाल की खाड़ी में कोई बड़ा सहायक सिस्टम नहीं है। इसकी वजह से बारिश की स्थिति पर संशय की स्थिति बनी हुई है। मानसून को आगे बढ़ने के लिए सीजनल ट्रफ यानी मानसून द्रोणिका ही बड़ा सहारा है। आने वाले दिनों में बंगाल की खाड़ी में सिस्टम तैयार होने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा रहा है।



**कब-कब आया मानसून**

| वर्ष | तारीख (जून) |
|---|---|
| 2021 | 10 |
| 2022 | 16 |
| 2023 | 23 |
| 2024 | 8 |
| 2025 | 16 |
| 2026 | 22 दंतेवाड़ा से एंट्री |





**अनुमानित समय से देर से आया**

इस बार मानसून के छत्तीसगढ़ अपने समय यानी 13 जून से पहले आने का अनुमान था। केरल से आगे बढ़ने के बाद सिस्टम कमजोर हो गया और संभावित तारीख लगातार आगे बढ़ती रही। इस बार मानसून का प्रवेश उस तारीख पर हुआ जब उसे पूरे प्रदेश में सक्रिय हो जाना था। इस बार मानसून की एंट्री दंतेवाड़ा तक हुई। पिछली बार इसका आगमन सुकमा के रास्ते हुआ था और जगदलपुर पहुंचने तक काफी दिन बीत गए थे।

**बस्तर में जमकर बरसे बादल**

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार पिछले चौबीस घंटे में मानसूनी बारिश का प्रभाव बस्तर इलाके में नजर आया। जगदलपुर में 72 मिमी. तक बारिश हो गई। इसके अलावा दंतेवाड़ा में भी करीब 5 सेमी. बारिश हुई। सुकमा, कटेकल्याण, गीदम जैसे इलाकों में भी पानी बरसा। सोमवार को दोपहर रायपुर और आसपास के इलाकों में अच्छी बारिश हुई और आंकड़ा एक सेमी. तक पहुंचा।

**48 घंटे में इन राज्यों में देगा दस्तक**

भारत मौसम विभाग के ताजा पूर्वानुमान रिपोर्ट के मुताबिक, अगले 48 घंटों के दौरान दक्षिण-पश्चिम मानसून मुंबई सहित महाराष्ट्र में आगे बढ़ने के लिए हालात अनुकूल हैं। महाराष्ट्र के साथ-साथ तेलंगाना और ओडिशा के बाकी हिस्सों और झारखंड व बिहार के कुछ और इलाकों में भी आगे बढ़ने के लिए हालात अनुकूल हैं।



**मुंबई में लगातार दूसरे दिन बारिश**

मुंबई के कई इलाकों में सोमवार सुबह गरज-चमक के साथ मध्यम से भारी बारिश हुई। शहर के कई हिस्सों में लगातार दूसरे दिन बारिश हुई, जिससे गर्मी और उमस से लोगों को काफी राहत मिली। घने बादलों और ठंडी हवाओं ने पूरे महानगर की सुबह को सुहावना और खुशनुमा बना दिया। दक्षिण-पश्चिम मॉनसून आमतौर पर 10 जून के आसपास मुंबई पहुंच जाता है लेकिन इस वर्ष इसके आगमन में देरी हुई है।

***कश्मीर में भारी बारिश और ओलावृष्टि***

*कश्मीर के बड़े हिस्से में सोमवार को भारी बारिश हुई, जबकि कुछ इलाकों में ओलावृष्टि भी हुई, जिससे श्रीनगर के कई हिस्सों में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई। श्रीनगर शहर सहित घाटी के कई हिस्सों में दोपहर में भारी बारिश हुई, जिससे दिन के तापमान में कई डिग्री की गिरावट दर्ज की गई।*

---

**सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मामला**

## राम मंदिर में गबन, एफआईआर और सीबीआई जांच की गुहार



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को एक याचिका दायर की गई, जिसमें अयोध्या स्थित राम मंदिर के चढ़ावे में कथित हेराफेरी को लेकर प्राथमिकी दर्ज करने और निष्पक्ष एवं समय-सीमा के भीतर जांच का अनुरोध किया गया है। दो वकीलों की ओर से दायर इस याचिका में अनुरोध किया गया है कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की अगुवाई वाले बहु-विषयक विशेष जांच दल को 'श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट' के कामकाज और प्रशासन से जुड़ी कथित वित्तीय अनियमितताओं और अन्य 'गैर-कानूनी कार्यों' की जांच करनी चाहिए। याचिका में केंद्र, उत्तर प्रदेश सरकार और न्यास को ऐसी नियामक, पर्यवेक्षी तथा लेखा-परीक्षण प्रणाली बनाने और उन्हें लागू करने के निर्देश देने का अनुरोध किया गया।

**स्वतंत्र रूप से जांच की मांग**

याचिका में कहा गया है कि न्यास की गायब राशि और दूसरी कथित अनियमितताओं की रिपोर्ट की सच्चाई की स्वतंत्र रूप से जांच होनी चाहिए। यह जांच एक ऐसी एजेंसी करे जिसके पास जटिल वित्तीय और आपराधिक जांच को संभालने के लिए जरूरी विशेषज्ञता, संसाधन और संस्थागत तंत्र हों। याचिका में कहा गया है, ऐसी जांच से जनता का भरोसा ज्यादा बढ़ेगा, बजाय इसके कि प्रशासनिक अधिकारियों वाला विशेष जांच दल शुरुआती जांच करे, जिनके पास आपराधिक जांच में खास योग्यता नहीं हो सकती है।

**चढ़ावा गिनने वाले 40 कर्मचारी हटाए**

अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावा गिनने वाले 40 कर्मचारियों को सोमवार को हटा दिया गया। सूत्रों के मुताबिक, उनकी जगह दूसरे कर्मचारियों को ड्यूटी में लगाया गया है। हटाए गए कर्मचारियों को दूसरी जगह ड्यूटी पर लगाया गया है। इधर, धर्म सेना के अध्यक्ष संतोष दुबे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेटर लिखा है। उन्होंने राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को भंग करने की मांग की है।

**ट्रस्ट के पुनर्गठन की संस्तुति**

राम मंदिर में चढ़ावा चोरी मामले की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) ने प्रारंभिक जांच रिपोर्ट तैयार कर ली है। एसआईटी द्वारा तैयार की गई प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में वित्तीय पारदर्शिता व प्रबंधन में सुधार के लिए कई तरह की संस्तुतियां की गईं हैं, जिनमें सर्वाधिक महत्वपूर्ण श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पुनर्गठन करने के साथ श्रीकाशी विश्वनाथ धाम की भांति मुख्य कार्यपालक अधिकारी की नियुक्ति किए जाने की संस्तुति है। चढ़ावा प्रकरण सात जून को सामने आने के बाद राज्य सरकार की ओर से गठित विशेष जांच दल ने गत सोमवार 15 जून को अपनी जांच शुरू की थी।

---

**एसबीआई में धोखाधड़ी पर सीबीआई की कार्रवाई**

## दो दशक से फरार अपराधियों को रायपुर और अहमदनगर से दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली





सीबीआई के भारतीय स्टेट बैंक की धनबाद मुख्य शाखा से करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी और गबन के मामले में लगभग दो दशकों से फरार चल रहे दो घोषित अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बृजभूषण प्रसाद और करतार सिंह के रूप में हुई है। एक आरोपी को अहमदनगर और दूसरे आरोपी को रायपुर से पकड़ा गया है। यह मामला एसबीआई की धनबाद मुख्य शाखा से नवंबर 2002 से जून 2005 के बीच 1 करोड़ 25 लाख 47 हजार 950 रुपये के धोखाधड़ीपूर्ण गबन से संबंधित है। इस संबंध में सीबीआई ने 31 अगस्त 2005 को मामला दर्ज किया था।

**फर्जी पहचान के साथ रह रहे थे आरोपी**

बृजभूषण प्रसाद को महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के कोपरगांव और करतार सिंह को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से दबोचा गया। दोनों आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए पिछले लगभग 20 वर्षों से फर्जी पहचान के साथ रह रहे थे। लंबे समय से फरार चल रहे इन आरोपियों की गिरफ्तारी को सीबीआई की एक महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है।

---

**छोड़ने के नाम पर मांगने लगे दस-दस हजार रुपए**

## प्लेसमेंट के नाम पर चेन्नई गई तीन युवतियों को बनाया बंधक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

सरगुजा के सीतापुर क्षेत्र से प्लेसमेंट के नाम पर चेन्नई गई तीन युवतियों को बंधक बनाए जाने का मामला सामने आया है। बंधक बनाई गई युवतियों ने अपना वीडियो बनाकर वायरल किया और मदद की गुहार लगाने के साथ ही विधायक से सम्पर्क किया। इधर विधायक ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए बच्चियों को सकुशल वापस लाने की पहल की और बच्चियों को छुड़ाने के बाद सरगुजा के लिए ⏭ शेष पेज 6 पर



**वीडियो बनाकर लगाई मदद की गुहार**

बंधक बनाई गई युवतियों ने वीडियो बनाकर मदद की गुहार लगाई और विधायक राम कुमार टोप्पो से भी संपर्क किया। सूचना के बाद विधायक राम कुमार टोप्पो ने मामले को गंभीरता से लेते हुए स्थानीय ⏭ शेष पेज6 पर

**सकुशल किया गया बरामद**

तीन बच्चों ने फोन के माध्यम से बंधक बनाए जाने की सूचना दी थी। सभी को सकुशल निकाल लिया गया है और जल्द ही वे अपने घर वापस आ जाएंगी। युवा जागरूक रहे, किसी के साथ ही कोई घटना हो सकती है इसलिए मदद हेतु उनके पास संपर्क नंबर होना चाहिए।

-राम कुमार टोप्पो, विधायक, सीतापुर

---

**ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टार्मर ने पद त्यागा, 10 साल में छठे पीएम ने छोड़ी कुर्सी**

## इतिहास रचा, सरकार बनाई और फिर इस्तीफा

एजेंसी ⏭ लंदन

ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने सोमवार को अचानक इस्तीफा दे दिया। इससे उनके दो साल से भी कम समय चले प्रधानमंत्रित्व काल का अंत हो गया। अगले पीएम के चुने जाने तक वह इस पद पर बने रहेंगे। पिछले 10 साल में कीर स्टार्मर छठे ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने कुर्सी छोड़ दी। जुलाई 2024 के आम चुनाव में कीर स्टार्मर ने 174 सीटों के बड़े बहुमत के साथ शानदार जीत हासिल कर इतिहास रचा था। इसके बाद उन्होंने नई सरकार बनाई। पिछले कुछ महीनों में उनके ⏭ शेष पेज 6 पर

- नया नेता चुने जाने तक कार्यवाहक प्रधानमंत्री के रूप में पद पर बने रहेंगे



**स्टार्मर बोले- देश को सर्वोपरि रखते हुए निर्णय**

10 डाउनिंग स्ट्रीट के बाहर दिए गए भावुक भाषण में स्टार्मर ने कहा कि मैंने जो भी निर्णय लिए, वे हमेशा अपने प्रिय देश को सर्वोपरि रखते हुए लिए गए। इसीलिए मैं आज लेबर पार्टी के नेता पद से इस्तीफा दे रहा हूं। उन्होंने अपने इस्तीफे को राष्ट्रीय हित में लिया गया कदम बताया, लेकिन राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह फैसला महीनों से हो रहे आंतरिक विद्रोह, पार्टी के भीतर असंतोष, घटते जनसमर्थन और लगातार विवादों का नतीजा था।

**लेबर पार्टी के अंदर गहराता विद्रोह**

बताया जाता है कि स्टार्मर के इस्तीफे का सबसे बड़ा कारण उनकी अपनी पार्टी के भीतर बढ़ता असंतोष था। लेबर पार्टी के 100 से अधिक सांसदों ने पिछले कुछ हफ्तों में उनसे इस्तीफा देने की मांग की थी। कई वरिष्ठ मंत्रियों ने निजी बैठकें कर सवाल उठाया था कि क्या स्टार्मर अगले आम चुनाव में पार्टी को जीत दिला पाएंगे। स्टार्मर ने अपने भाषण में अप्रत्यक्ष रूप से इस कमी को स्वीकार भी किया। उन्होंने कहा कि अब सवाल यह बन गया था कि क्या वे लेबर पार्टी के लिए सही नेता बने हुए हैं।

**बार-बार नीतिगत यू-टर्न**

स्टार्मर सरकार पर कल्याणकारी सुधारों, सामाजिक लाभों में कटौती, रक्षा खर्च बढ़ाने और आर्थिक नीतियों को लेकर लगातार उलटफेर करने के आरोप लगे। विरोध प्रदर्शनों और पार्टी के भीतर असहमति के बाद कई बड़े फैसलों को या तो नरम किया गया या पूरी तरह उलट दिया गया। इन यू-टर्नों ने जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच उनकी विश्वसनीयता को गंभीर नुकसान पहुंचाया। 2024 के आम चुनाव में लेबर पार्टी को भारी बहुमत दिलाने के बावजूद स्टार्मर सरकार उस जनादेश को स्थिर और प्रभावी शासन में बदलने में संघर्ष करती रही। नीतिगत अस्थिरता ने नेतृत्व की छवि को कमजोर कर दिया।

## चिंतन

# आगजनी रोकने के लिए नियम सख्ती से लागू हों

देशभर में आगजनी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। इस बार गर्मी में पहले की तुलना में ऐसे हादसे बढ़ गए हैं। इसकी ज्यादातर वजहें एसी के कंप्रेशर्स का फटना, शॉर्ट सर्किट और गैस सिलेंडरों का फटना है। ताजा मामला लखनऊ के कोचिंग सेंटर का है जहां दो मंजिला इमारत में आग लग गई। इस भीषण हादसे में अनेक छात्रों समेत 15 से अधिक लोगों की जान चली गई। बताया जा रहा है कि दूसरे फ्लोर पर चल रहे कोचिंग सेंटर में एसी का कंप्रेशर फटने से आग लगी। इसके बाद घबराए छात्रों ने खुद को बाथरूम में बंद कर लिया। ज्यादातर बच्चों की मौत दम घुटने के कारण हुई है। इससे पहले दिल्ली के मालवीय नगर में एक होटल में आग लगने से 21 लोगों की मौत हो गई थी। तब आग लगने का कारण रसोई में खाना पकाने वाली गैस का रिसाव या अत्यधिक गर्म तेल (ऑयल फ्रायर) था। वहीं, कुछ दिन पहले हरियाणा में रोहतक के एक मुख्य बाजार में भी एसी का कंप्रेशर फटने लगी आग में तीन लोग जिंदा जल गए थे और एक दर्जन से अधिक दुकानें भी जलकर राख हो गई थी। बिजली के उपकरणों के अधिक प्रयोग से शॉर्ट सर्किट जैसे घटनाएं हो रहीं हैं। भीषण गर्मी के कारण आग ज्यादा भड़कती है और यह भयावह रूप ले लेती है। ये हादसे बताते हैं कि शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर में नियमों की पूरी तरह से अवहेलना की गई है। आग लगने के बाद मौके पर अग्निशमन यंत्र के उपाय न होना, फायर ब्रिगेड का समय पर नहीं पहुंचना, दमकल विभाग के पास आवश्यक संसाधनों की कमी, शहरों में फायर हाइड्रेंट की अनउलब्धता समेत कई ऐसे कारण हैं जो समय पर नहीं मिल पाते और आग भयावह रूप ले लेती है। ऐसे यंत्र समय पर मिलें तो बड़ा हादसा रोकने में आसानी हो जाती है। हालांकि शहरों में अनियंत्रित विकास, छोटी-छोटी जगहों पर कॉम्प्लेक्स, बाजारों की संकरी गलियां, फायर एनओसी नहीं होना और प्रशासन द्वारा ऐसे मामलों में आंखें मूंद लेना। ऐसे कई कारण हैं जो इन हादसों को बड़ा बना देते हैं। प्रशासन और लोगों को किसी भी चीज की तभी याद आती है जब जरूरत होती है या हादसे होते हैं। इससे पहले तो सभी शांति से रहते हैं और किसी भी चीज की डिमांड नहीं करते। यदि समय रहते प्रशासन और आमजन जागरूक हों और प्रशासन भी प्रोएक्टिव रवैया अपनाएं तो ऐसे हादसों को रोकने में मदद मिल सकती है। प्रशासन को सभी नियम सख्ती से लागू करने होंगे और नियम तोड़ने वालों को दंडित करना होगा। तभी ऐसी समस्याओं पर काबू पाया जा सकता है। इसके बाद ही छात्र, आमजन और बाजार सुरक्षित होंगे। लोगों को भी ऐसी घटनओं के प्रति सजग रहना होगा और मकान, होटल या दुकान निर्माण के समय ही सभी नियमों का पालन करना होगा। लखनऊ, दिल्ली और रोहतक जैसी घटनाएं स्पष्ट संकेत हैं कि आगजनी अब केवल दुर्घटना नहीं, बल्कि सुरक्षा नियमों की अनदेखी का परिणाम बनती जा रही है। तेजी से बढ़ते शहरीकरण के बीच फायर सेफ्टी को प्राथमिकता देना समय की मांग है। प्रशासन को नियमित निरीक्षण, फायर एनओसी की अनिवार्यता और नियम उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करनी होगी। साथ ही संस्थानों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों और आम नागरिकों को भी सुरक्षा मानकों के प्रति जागरूक होना होगा। जब तक रोकथाम, तैयारी और जवाबदेही की संस्कृति विकसित नहीं होगी, तब तक ऐसे हादसे निर्दोष लोगों की जान लेते रहेंगे। सुरक्षा कोई विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्य जिम्मेदारी है।

# संकल्प से समृद्ध मोदी का कार्यकाल



**विकसित भारत 2047**
नरेंद्र सिंह तोमर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में 4,399 दिन पूरे कर एक महत्वपूर्ण राजनीतिक पड़ाव हासिल किया है। इस अवसर पर उनके कार्यकाल की तुलना देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के कार्यकाल से की जा रही है। हालांकि दोनों नेताओं ने अलग-अलग समय और परिस्थितियों में देश का नेतृत्व किया, लेकिन दोनों के सामने राष्ट्र निर्माण की बड़ी चुनौतियां थीं। नेहरू ने स्वतंत्र भारत की नींव मजबूत की, वहीं मोदी विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। यह तुलना केवल दो प्रधानमंत्रियों की नहीं, बल्कि भारत की विकास यात्रा के विभिन्न पड़ावों की भी कहानी है।

बीते दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में 4,399 दिन पूरे किए हैं। संदर्भ बता रहे हैं कि इस तरह उन्होंने जवाहरलाल नेहरू के 4,398 दिनों के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। प्रधानमंत्री के रूप में प्रधानमंत्री मोदी जी के कार्यकाल का एक-एक दिन 2047 के विकसित भारत के स्वप्न को पूरा करने संकल्प को पूरा करने में गुजरा है। वह विकास जो भौतिक प्रगति का प्रतीक नहीं है, बल्कि सांस्कृतिक चेतना और वैचारिक सम्पन्नता का प्रतीक होता है। हम गर्व से कह सकते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी जी के कार्यकाल में भारत ने अपनी उस खोई हुई सांस्कृतिक चेतना को पुनः पाया है जो कभी उसकी पहचान हुआ करती थी। एक तरफ काशी विश्वनाथ धाम, भव्य राम मंदिर का निर्माण और केदारनाथ का पुनरुद्धार है, तो दूसरी तरफ आधुनिक वंदे भारत ट्रेनें और विश्वस्तरीय एक्सप्रेस-वे हैं। यह 'विकास भी, विरासत भी' का वह अनूठा संगम है, जिसने आधुनिकता की अंधी दौड़ में भारतीयता के गौरव को सर्वोपरि बनाए रखा है।

जब दो प्रधानमंत्रियों के कार्यकाल की अवधि की तुलना होती है तो उनके कार्य और उपलब्धियों की तुलना होना स्वाभाविक है। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू को आजाद भारत का शिल्पकार कहा जाता है, जबकि प्रधानमंत्री मोदी जी आज 2047 के विकसित भारत के संकल्प का नेतृत्व कर कर रहे हैं। वे ऐसे देश का नेतृत्व कर रहे हैं जो 80 साल पहले की तुलना में ज्यादा जटिल है। आज सरकार को डिजिटल, आर्थिक और सामरिक मंच पर ऐसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है जो स्वतंत्रता के समय नहीं थीं। नेहरू के समय भारत की आबादी करीब 34 करोड़ थी, जो आज करीब 4.3 गुना बढ़ चुकी है। पं. नेहरू के समय भारत की जीडीपी लगभग 2.7 लाख करोड़ रुपये थी और औसत विकास दर 3.5-4 प्रतिशत थी, जबकि 2026 तक मोदी के नेतृत्व में जीडीपी बढ़कर 357 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गई और देश तेजी से वैश्विक आर्थिक महाशक्ति बन चुका है।

प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में हमने देश की जीडीपी और विकास दर में पिछले दशकों की तुलना में एक बड़ा और ऐतिहासिक परितर्वन देखा है। यह उन्नति भी कितनी सुखद है कि पीएम मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार न केवल बढ़ा है, बल्कि साल 2014-15 में जो नॉमिनल जीडीपी 106.57 लाख करोड़ थी, वह साल 2024-25 तक तीन गुना बढ़कर 331.03 लाख करोड़ रुपए के स्तर तक पहुंच गई है। इस उपलब्धि पर गौर करते समय हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि पीएम मोदी जी के कार्यकाल में भारत ने कोविड-19 महामारी, वैश्विक मुद्रास्फीति, भू-राजनीतिक संघर्षों और सप्लाई-चेन में आई बड़ी रुकावटों को देखा है। इन स्थितियों के बाद भी भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना है। तथ्य यह भी है कि स्वतंत्रता के शुरुआती दशकों में जब नेहरू देश के प्रधानमंत्री थे तब हमारा देश आयात पर बहुत अधिक निर्भर था। तब विदेशी मुद्रा का संकट एक बड़ी चुनौती थी। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में बीते एक दशक में भारत की वैश्विक



व्यापारिक हिस्सेदारी बहुत मजबूत हुई है। वर्ष 2013-14 में देश का कुल निर्यात जो 468 बिलियन अमेरिकी डॉलर था, वह साल 2024-25 में करीब 76 प्रतिशत बढ़कर 825 बिलियन अमेरिकी डॉलर के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गया। जब भारत आजाद हुआ, तब देश गरीबी, अशिक्षा, खाद्यान्न की कमी और नए राष्ट्र के निर्माण जैसी बड़ी समस्याओं से जूझ रहा था। 1950 के दशक में लोगों की सबसे बड़ी जरूरत रोटी-कपड़ा-मकान और शिक्षा थी। आज तस्वीर बदली हुई है।

प्रधानमंत्री मोदी जी ने सीधे लाभ हस्तांतरण, उज्ज्वला गैस योजना, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत अभियान और महिला सुरक्षा जैसी योजनाओं के माध्यम से प्रशासनिक कुशलता दिखाई है। स्टार्टअप, डिजिटल अर्थव्यवस्था, विनिर्माण प्रोत्साहन और नवाचार आधारित विकास श्रेष्ठ भारत निर्माण की सोच को प्रतिबिंबित करते हैं। मोदी सरकार ने यूपीआई और जनधन जैसे डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के जरिए देश के कोने-कोने तक वित्तीय समावेशन को पहुंचाया है। पांच लाख रुपए तक के निःशुल्क इलाज की आयुष्मान भारत योजना स्वस्थ भारत की कल्पना को साकार कर रही है। देश में विशिष्ट पहचान (आधार) पाने वालों की संख्या 138.34 करोड़ से अधिक हो चुकी है। प्रधानमंत्री जन-धन योजना में 58.3 करोड़ से अधिक खाते खोले जा चुके हैं, जिनमें कुल जमा राशि 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। इनमें से 32 करोड़ से अधिक खाते महिलाओं के हैं। खाताधारक अधिकांश महिलाएं ग्रामीण और अर्थ-शहरी क्षेत्रों से हैं। आधार, मोबाइल और बैंक खाते के इस त्रिकोण ने प्रत्यक्ष लाभ अंतरण की भ्रष्टाचार से मुक्त ऐसी अचूक व्यवस्था बनाई है, जिसके माध्यम से सब्सिडी और सरकारी सहायता सीधे लाभार्थियों तक पहुंचाई जा रही है। इतने लंबे समय तक देश की सेवा करने वाले दोनों प्रधानमंत्रियों के कार्यकाल की उपलब्धियों और शासन के तरीकों को देख कर एक निष्कर्ष निकलता है कि यह तुलना दो प्रधानमंत्रियों की नहीं, बल्कि बीते 79 सालों में भारत के शून्य से शिखर तक पहुंचने की कहानी है।

मेरा मानना है कि प्रधानमंत्री मोदी जी के पिछले 4398 दिनों के कार्यकाल में देश ने केवल शासन-प्रशासन में परिवर्तन को ही नहीं देखा बल्कि विकास के पैमानों पर आमूलचूल परिवर्तन अनुभव किया है। किसी भी लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति केवल नेतृत्व में नहीं, बल्कि संस्थाओं, नागरिकों और सामूहिक राष्ट्रीय प्रयासों में निहित होती है। आज भारत आर्थिक, तकनीकी और वैश्विक स्तर पर नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है। विकसित भारत-2047 का संकल्प तभी साकार होगा, जब विकास, सुशासन, समावेशिता और जनभागीदारी साथ-साथ आगे बढ़ें। यही भारत की निरंतर प्रगति और उज्ज्वल भविष्य का आधार बनेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में योजनाओं की घोषणाएं ही नहीं हुई बल्कि घोषणा से आगे उनके प्रभावी क्रियान्वयन, पारदर्शिता, जवाबदेही और अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने पर समूचा ध्यान केंद्रित हुआ है। यही कारण है कि आज भारत में विकास की चर्चा नहीं करता, बल्कि उसे धरातल पर उतारने की क्षमता दिखाई दे रही है। प्रधानमंत्री मोदी जी ने देश का विकसित भारत 2047 का स्वप्न देते हुए और इसे पूरा करने का मार्ग दिखाया है। उनकी दूरदृष्टि हमें विकसित, आत्मविश्वासी और वैश्विक नेतृत्व की आकांक्षा वाले देश का निर्माण करने का लक्ष्य दे चुकी है। यह हमारा सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री मोदी जी का हमें नेतृत्व मिला है और हम सभी विकसित भारत निर्माण में अपना योगदान दे पा रहे हैं। इस विशिष्ट उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री मोदी जी को बधाई एवं अशेष शुभकामनाएं।

(लेखक मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष हैं। ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।


## पुण्यतिथि पर विशेष

मोहित सिंगला



# एक देश, एक विधान को जीवन अर्पित करने वाले युगपुरुष


कोलकाता में 6 जुलाई 1901 को जन्मे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को प्रतिभा और संस्कार विरासत में मिले थे। उनके पिता सर आशुतोष मुखर्जी विख्यात शिक्षाविद्, न्यायविद् तथा कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति थे, जबकि माता जोगमाया देवी धार्मिक प्रवृत्ति की थीं। शिक्षा और संस्कृति से ओतप्रोत पारिवारिक वातावरण ने उनके व्यक्तित्व को प्रारंभ से ही विशिष्ट दिशा दी। अपनी विलक्षण प्रतिभा के कारण उन्होंने कम आयु में ही शैक्षिक क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं। कानून की शिक्षा पूरी करने के बाद वे इंग्लैंड गए और बैरिस्टर बनकर भारत लौटे। मात्र 33 वर्ष की आयु में 1934 में उन्हें कलकत्ता विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया गया। वह विश्वविद्यालय के सबसे कम उम्र के कुलपति बने। उनके कार्यकाल में शिक्षा के आधुनिकीकरण और भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। शिक्षा जगत में उल्लेखनीय योगदान के बाद उन्होंने सार्वजनिक जीवन में सक्रिय भूमिका निभानी शुरू की। बंगाल की राजनीति में उन्होंने महत्वपूर्ण स्थान बनाया और वित्त मंत्री के रूप में भी कार्य किया। देश के विभाजन के समय उन्होंने बंगाल और पंजाब के संपूर्ण विभाजन का विरोध करते हुए यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई कि इन दोनों प्रांतों के बड़े हिस्से भारत में बने रहें। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद जब देश की पहली मंत्रिपरिषद का गठन हुआ तो प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने उन्हें उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री बनाया। किंतु राष्ट्रीय नीतियों और विशेषकर नेहरू-लियाकत समझौते के मुद्दे पर मतभेदों के कारण उन्होंने 1950 में मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद उन्होंने राष्ट्रीय विचारधारा को मजबूत राजनीतिक मंच देने का संकल्प लिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्कालीन सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर के सहयोग से 21 अक्टूबर 1951 को भारतीय जनसंघ की स्थापना हुई और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी उसके प्रथम अध्यक्ष बने। यही संगठन आगे चलकर भारतीय जनता पार्टी के रूप में विकसित हुआ। उस समय जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा प्राप्त था। वहां अलग संविधान, अलग झंडा और अलग प्रशासनिक व्यवस्था लागू थी। भारतीय नागरिकों को राज्य में प्रवेश के लिए परमिट लेना पड़ता था। डॉ. मुखर्जी का मानना था कि स्वतंत्र भारत में ऐसी व्यवस्था राष्ट्रीय एकता के विपरीत है। उन्होंने पूरे देश में यह उद्घोष किया कि “एक देश में दो विधान, दो निशान और दो प्रधान नहीं चलेंगे।”अगस्त 1952 में जम्मू में आयोजित एक विशाल जनसभा में उन्होंने ऐलान किया था “या तो मैं आपको भारतीय संविधान दिलाऊंगा या फिर इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए अपना जीवन बलिदान कर दूंगा।” अपने इसी संकल्प को साकार करने के लिए वह 8 मई 1953 को बिना परमिट जम्मू-कश्मीर की ओर रवाना हुए। 11 मई को उन्हें गिरफ्तार कर श्रीनगर में नजरबंद कर दिया गया। लगभग डेढ़ महीने की नजरबंदी के दौरान ही 23 जून 1953 को रहस्यमय परिस्थितियों में उनका निधन हो गया। लंबे समय तक उनकी मृत्यु की परिस्थितियों को लेकर प्रश्न उठते रहे और निष्पक्ष जांच की मांग भी होती रही। समय बीतता गया, लेकिन डॉ. मुखर्जी का विचार और उनका संकल्प देश की चेतना में जीवित रहा। 5 अगस्त 2019 को जब जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के अधिकांश प्रावधान समाप्त किए गए और भारतीय संविधान को पूर्ण रूप से लागू किया गया, तब अनेक लोगों ने इसे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के अधूरे स्वप्न की पूर्ति के रूप में देखा। आज देश के अनेक संस्थान, सड़कें और योजनाएं उनके नाम से जुड़ी हुई हैं, लेकिन उनकी सबसे बड़ी पहचान उनके विचार और राष्ट्र के प्रति उनका समर्पण है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि केवल एक महान नेता को स्मरण करने का अवसर नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता, अखंडता और राष्ट्र प्रथम की भावना को अपने जीवन में उतारने का भी संदेश देती है। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 वीं जयंती के अवसर पर भारत सरकार द्वारा करेंसी सिक्के व डाक टिकट जारी किए गए । जब कि इससे पूर्व में इनकी जयंती पर जहां करेंसी सिक्के व डाक टिकट जारी किए जाते रहे हैं वहां पर देश के विभिन्न भागों में इनके नाम पर सड़कों व पार्कों सहित अनेक संस्थाएं भी स्थापित की गई हैं ।



डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी

(लेखिक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# भक्ति से मिलती है चुनौतियों से लड़ने की शक्ति



संकलित
**दर्शन**

इस विशाल ब्रह्मांड में, एक कालनिरपेक्ष और असीमित ऊर्जा सृष्टि के प्रत्येक पक्ष में प्रकट होती है। ये समय, स्थान, आरंभ-अंत से परे है। अक्सर हम उन लोगों पर दया भाव रखते हैं, जो हमसे अधिक युवा हैं या हम उन्हें कम ज्ञान वाला समझते हैं। इसी प्रकार हम बुजुर्गों द्वारा दिए गए ज्ञान को पुराना और अज्ञान से भरा हुआ मान लेते हैं। लेकिन, हमें ये बात समझने की आवश्यकता है कि दिव्यता बुद्धिमत्ता, आयु या स्वभाव पर ध्यान दिए बिना, सबके हृदय में वास करती है। प्रत्येक व्यक्ति में शिव तत्व का संज्ञान लेने से हमारे भीतर एक समरसता उत्पन्न हो जाती है, जो हमें शिव से एकाकार करती है। पुराने समय के ऋषियों और ज्ञानियों ने हर एक चीज को शिव का ही अंश माना। शिव सर्वव्याप्त हैं। यही वेदों का सार है। वेदांत दूसरी ओर भूला देने और ज्ञान की सीमाओं के परे जाने को भी दर्शाते हैं। वह उसके बारे में भी बताते हैं, जो द्वैत से परे है, अच्छे और बुरे से परे है। वेदांत अद्वैत की वास्तविकता का भी उद्घाटन करते हैं, जो अस्तित्व के मूल में छिपा हुआ है। ईश्वर के सर्वव्याप्त होने की धारणा पर बहुत पुराने समय से प्रश्न उठते आए हैं। यदि ईश्वर सचमुच में सर्वव्याप्त हैं, तो शैतान कहां रहता है। शताब्दियों से धर्मशास्त्रियों ने इस असमंजस पर गुत्थम-गुत्था की है। यदि ईश्वर सर्वव्याप्त हैं, तो कोई शक्ति उन्हें चुनौती कैसे दे सकती है? उत्तर इस समझ में है कि हर एक चीज में ईश्वर है, शैतान में भी। वेदांत दर्शन ने द्वैत की सीमाओं को पार किया और अद्वैत के सत्य को बताया, जो अच्छे और बुरे से परे है।

# बच्चों को सुविधाओं से ज्यादा अच्छे संस्कार दें



संकलित
**प्रेरणा**

महाभारत में दो खास परिवार हैं, पहला पांडव और दूसरा है कौरव। पांडव परिवार में कुंती और पांच पुत्र थे। जबकि कौरव परिवार में धृतराष्ट्र और गांधारी के साथ ही सौ पुत्र थे। पांडवों के पास सुख-सुविधाओं का अभाव था, जबकि कौरवों के पास सारी सुख-सुविधाएं थीं। महाभारत में कुंती अपने पांच पुत्रों के साथ वन में रह रही थीं, क्योंकि धृतराष्ट्र और दुर्योधन नहीं चाहते थे कि पांडु के पुत्रों को राज्य मिले। धृतराष्ट्र का पुत्र दुर्योधन अधर्मी था। वह बचपन से ही पांडव पुत्रों को परेशान कर रहा था। कुंती के पति पांडु शाप की वजह से मर चुके थे। पांडु की दूसरी पत्नी माद्री भी जीवित नहीं थी। इन दोनों के बाद कुंती को पांच पुत्रों का पालन करना था। तीन पुत्र कुंती के थे और दो पुत्र माद्री के थे। कुंती जानती थीं कि जंगल में तो कोई सुख-सुविधा तो मिलेगी नहीं, इसलिए कुंती ने बच्चों का पालन करते समय संस्कारों पर ज्यादा ध्यान दिया। दूसरी ओर कौरव पक्ष में धृतराष्ट्र अंधे थे, गांधारी ने भी आंखों पर पट्टी बांध ली थी। दुर्योधन और उसके भाई लगातार गलत काम कर रहे थे, लेकिन माता-पिता ने उनकी ओर ध्यान ही नहीं दिया। नतीजा ये हुआ कि सभी कौरव पुत्र अधर्मी हो गए। महाभारत युद्ध में जब श्रीकृष्ण को ये निर्णय लेना था कि किसके पक्ष में रहेंगे, तब उन्होंने धर्म मार्ग पर चल रहे पांडव पुत्रों को चुना। धृतराष्ट्र और गांधारी ने अपने पुत्रों को सुख-सुविधा की हर एक चीज दी थी, लेकिन अच्छे संस्कार नहीं दिए थे। संतान के मोह में धृतराष्ट्र ने दुर्योधन को सही-गलत का फर्क नहीं बताया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### दलबदल विरोधी कानून की वास्तविकता

लोकतंत्र की सफलता का आधार केवल नियमित चुनाव नहीं, बल्कि निर्वाचित प्रतिनिधियों की जवाबदेही, राजनीतिक स्थिरता और जनादेश के प्रति निष्ठा भी है। संसद और विधानसभाएं जनता की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करती हैं तथा इन संस्थाओं की स्थिरता लोकतांत्रिक शासन के सुचारु संचालन के लिए आवश्यक है। किंतु भारतीय राजनीति में लंबे समय तक दलबदल की प्रवृत्ति ने लोकतांत्रिक व्यवस्था को गंभीर चुनौती दी। व्यक्तिगत लाभ, मंत्री पद, आर्थिक प्रलोभन अथवा राजनीतिक अवसरवाद के कारण निर्वाचित प्रतिनिधि बार-बार अपनी निष्ठा बदलते रहे, जिससे सरकारें गिरती रहीं और जनादेश का अपमान होता रहा। इसी समस्या के समाधान के लिए दलबदल विरोधी कानून लागू किया गया। लेकिन वास्तविकता यह है कि अब पहले से भी ज्यादा दलबदल हो रहा है। *– प्रशांत चौबे, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

# कांगो में इबोला संक्रमितों का आंकड़ा 1,003 पहुंचा

पूर्वी कांगो में फैले इबोला संक्रमण के पुष्ट मामलों की संख्या बढ़कर 1,003 हो गई है, जिनमें 254 मौतें शामिल हैं। अधिकारियों ने रविवार देर रात जारी एक बयान में यह जानकारी दी। कांगो के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि 15 मई को इस बीमारी के प्रकोप की घोषणा होने के बाद से इस महामारी से अब तक कुल 100 लोग पूरी तरह ठीक हो चुके हैं। इस संक्रमण के सबसे ज्यादा मामले इटुरी प्रांत से सामने आ रहे है। दुर्लभ 'बुंदीबुग्यो वायरस' के कारण फैला यह इबोला प्रकोप अब तक का सबसे खतरनाक रूप ले चुका है, क्योंकि इस वायरस के लिए वर्तमान में कोई टीका या इलाज उपलब्ध नहीं है। अधिकारियों ने स्वीकार किया है कि ऐसे कई और मामले हो सकते हैं जिनकी जानकारी अभी तक नहीं मिल पाई है, और इस महामारी का चरम आना अभी बाकी है। मंत्रालय के अनुसार, स्थानीय अधिकारियों के लिए संक्रमितों के संपर्क में आए लोगों की पहचान करना एक बड़ी चुनौती बना हुआ है, क्योंकि वे अब तक केवल 55 प्रतिशत कवरेज दर ही हासिल कर पाए हैं। अधिकारियों ने कहा कि वे अभी तक इस महामारी के 'पेशेंट जीरो' (पहले संक्रमित व्यक्ति) की पहचान नहीं कर पाए हैं।




## ऑफ बीट

# भूख लगने पर भोजन का स्वाद पहले महसूस होता है

अगर आपको रात के खाने में कुछ खास खाने की इच्छा हो रही है तो संभव है कि आपका दिमाग उसे खाने से पहले ही उसके स्वाद को महसूस करने लगे।



एक नए अध्ययन में यह दावा किया गया है कि भूख की स्थिति में मस्तिष्क भोजन के स्वाद, गंध और उसे खाने के अनुभव की मानसिक कल्पना को अधिक सजीव रूप से महसूस करने लगता है। शोधकर्ताओं के अनुसार, अधिकतर लोग यह अनुभव कर चुके हैं कि खाली पेट बाजार जाने पर वे जरूरत से ज्यादा मीठे, तैलीय या पसंदीदा खाद्य पदार्थ खरीद लेते हैं। आमतौर पर इसे भूख का असर माना जाता है, लेकिन नया अध्ययन बताता है कि भूख केवल खाने की इच्छा नहीं बढ़ाती, बल्कि भोजन से जुड़ी मानसिक छवियों और संवेदनाओं को भी अधिक प्रभावशाली बना देती है। अध्ययन में कहा गया कि मानव मस्तिष्क के लिए भोजन हमेशा से एक बहु-संवेदी अनुभव रहा है। यह अनुभव किसी पेस्ट्री को देखने, भोजन की सुगंध महसूस करने या उसके स्वाद और बनावट को याद करने से शुरू हो सकता है। भोजन से जुड़े अनुभव मस्तिष्क में स्मृतियों के रूप में दर्ज हो जाते हैं और बाद में मानसिक कल्पना के माध्यम से दोबारा महसूस किए जा सकते हैं।

## ट्रेंड

### पंजाब में सभी सीटों पर लड़ेंगे



पश्चिम बंगाल की तरह पंजाब में भी "डबल इंजन" की सरकार बनाने के लिए सभी भाजपा कार्यकर्ता जुट जाएं। पार्टी पंजाब में 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए सभी 117 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। **-नितिन नवीन,** भाजपा अध्यक्ष

### छक्का लगाया



जब 2022 में हमने पार्टी और धनुष-बाण बचाने के लिए विद्रोह किया था, तब 40 विधायक थे और अब छक्के लग चुके हैं। हमारी लड़ाई बालासाहेब के विचारों को बचाने के लिए है, इसीलिए आज ये 6 सांसद बालासाहेब की असली शिवसेना में शामिल हुए। **-एकनाथ शिंदे,** उपमुख्यमंत्री महाराष्ट्र

### उनकी वफादारी बिकाऊ



शिवसेना (यूबीटी) के 6 सांसदों ने पार्टी छोड़कर साबित कर दिया है कि उनकी वफादारी बिकाऊ है। कम से कम यह मान लीजिए कि लालच की वजह से आपने रातोंरात बिना किसी शर्म के यह सब छोड़ दिया। यह लालच एक दिन आपको ले डूबेगा। **-आदित्य ठाकरे,** पूर्व मंत्री, महाराष्ट्र

### प्रयोगशाला को मंजूरी दें



आदिलाबाद की रणनीतिक स्थिति इसे ऐसे विमानन एवं रखरखाव केंद्र के लिए उपयुक्त बनाती है। इसलिए रक्षा मंत्री से आग्रह है कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन तथा रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला से जुड़ी परियोजना को शीघ्र मंजूरी दें। **-रेवंत रेड्डी,** सीएम, तेलंगाना

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

ALLEN Results Validated by
Official result validator
EY
Shape the future with confidence

ALLEN

# NEET ka Next Attempt? Banao apna Best Attempt.




With ALLEN's Proven Expertise in COMPUTER BASED TEST (CBT)

Exam easy ho ya difficult par competition tough hai. Stay ahead with ALLEN.

| Doubt hai? | Concept mein confusion? | Sahi direction chahiye? |
|---|---|---|
| Hum solve karenge. | Hum clear karenge. | Hum guide karenge. |

They made it happen with ALLEN. Now it's your turn.




...and many more success stories

## ADMISSION ANNOUNCEMENT (Session 2026-27)

NEET (UG) | JEE (MAIN+ADV.) | OLYMPIADS | BOARDS

| Class 11th | Class 12th Pass | Class 12th Pass / Ex-ALLEN | Class 8th to 10th |
|---|---|---|---|
| Nurture Course<br>NEET (UG): 11 June 2026 (Hindi & English)<br>JEE (Main+Adv.): 11 June 2026 (Hindi & English) | Leader Course<br>NEET (UG): 25 June & 6 July 2026 (Hindi & English)<br>JEE (Main+Adv.): 11 June 2026 | Achiever Course<br>NEET (UG) : 25 June 2026 (Only at Raipur) | Pre-Nurture & Career Foundation<br>CLASS 8th, 9th & 10th : 26 June 2026 |

Attention! Get up to 90%*Scholarship based on JEE/NEET 2026 rank/score. *T&C Apply.

SIGN UP FOR ASAT
GET UP TO 90% SCHOLARSHIP*
Test Dates 28 June & 5 July

DIRECT ADMISSION ALSO AVAILABLE

For test dates & course start dates visit website or nearest centre.
*Subject to the scholarship rules and the T&Cs.

ALLEN RAIPUR
89513 95440
allen.ac.in/raipur

ALLEN BILASPUR
89513 95460
allen.ac.in/bilaspur

ALLEN BHILAI
90487 77388
allen.ac.in/bhilai

ALLEN KOTA
86906 60111
allen.in

Disclaimer: We provide an academic ecosystem and environment to prepare students for their target examinations. Studying in a coaching institute does not guarantee selection for the examination. Selection depends on preparation, admission seats in competitive exam and the number of applicants appearing. All the students mentioned are part of paid courses. As an 'Official Results Validator', EY validates the authenticity of the students' enrolment and engagement with Allen.

## स्विट्जरलैंड में हुई बातचीत, जारी किया गया संयुक्त बयान

# अमेरिका, ईरान 60 दिनों के भीतर अंतिम समझौते के लिए रूपरेखा पर हुए सहमत

अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे तनाव के बीच एक बड़ी कूटनीतिक पहल सामने आई है। स्विट्जरलैंड के बर्गेनस्टॉक में घंटों चली हाई लेवल मीटिंग के बाद दोनों देशों ने 60 दिनों के अंदर फाइनल एग्रीमेंट तक पहुंचने के मकसद से एक रोडमैप पर सहमति जताई है। मध्यस्थता करने वाले देशों कतर और पाकिस्तान ने सोमवार को जारी संयुक्त बयान में इस प्रगति को उत्साहजनक बताया है।

एजेंसी ▶▶| ज्यूरिख

पीस डील को लेकर यह बातचीत लेक ल्यूसर्न समिट के दौरान हुई। यह इस्लामाबाद मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) के फ्रेमवर्क के तहत हुई पहली हाई लेवल कमेटी मीटिंग थी। इस पर अमेरिका और ईरान ने हस्ताक्षर किए थे। संयुक्त बयान में कहा गया कि बातचीत पॉजिटिव और कंस्ट्रक्टिव माहौल में हुई और आगे की टेक्निकल बातचीत के लिए एक मैकेनिज्म तैयार करने पर सहमति बनी है। अमेरिकी टीम का नेतृत्व उप-राष्ट्रपति जेडी वेंस ने किया, जबकि ईरानी डेलीगेशन की कमान संसद के स्पीकर मोहम्मद बाकर गालिबाफ के हाथों में थी। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, सेना प्रमुख असीम मुनीर और कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी ने भी बातचीत में हिस्सा लिया। दोनों देशों ने बातचीत में मध्यस्थ की भूमिका निभाई।

### यूएस-ईरान पीस डील का रोडमैप तैयार, जल्द आएगा फाइनल एग्रीमेंट

### अमेरिकी टीम का नेतृत्व किया उप-राष्ट्रपति जेडी वेंस ने



### गलतफहमी रोकने बनेगा कम्युनिकेशन चैनल

दोनों देशों के बीच गलतफहमियों को रोकने के लिए एक कम्युनिकेशन चैनल भी बनाया जाएगा। ये चैनल होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले कमर्शियल जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में भी मदद करेगा। होर्मुज स्ट्रेट फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी को जोड़ने वाला बेहद अहम समुद्री रास्ता है। इसे दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल ट्रांजिट चोकपॉइंट में गिना जाता है।

### इन बातों पर बनी सहमति

अमेरिका, ईरान, पाकिस्तान और कतर के प्रतिनिधियों ने मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग के तहत हुई प्रगति की समीक्षा की है। इसके साथ ही एक हाई लेवल कमेटी बनाने पर सहमति बनी है, जो पूरी प्रक्रिया पर निगरानी रखेगी। यह कमेटी चीफ नेगोशिएटर्स से नियमित रिपोर्ट लेगी। न्यूक्लियर, सैंक्शन और डिस्प्यूट रेजोल्यूशन मैकेनिज्म से जुड़े विशेष वर्किंग ग्रुप्स की निगरानी करेगी। इसका उद्देश्य एमओयू को प्रभावी तरीके से लागू करना और बातचीत को अंतिम समझौते तक पहुंचाना है। हाई लेवल कमेटी 60 दिनों के अंदर फाइनल डील तक पहुंचने के लिए एक रोडमैप पर सहमत हुई है। इसके साथ ही आगे की टेक्निकल बातचीत तुरंत शुरू करने की तैयारी भी की जाएगी।

### पहला वास्तविक टेस्ट 'डी-कॉनफ्लिक्टेशन सेल' होगा : ईरान

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि पाकिस्तान और कतर के मध्यस्थों ने लेबनान युद्ध खत्म करने की दिशा में बड़ी प्रगति की है। उन्होंने कहा कि पहला वास्तविक टेस्ट 'डी-कॉनफ्लिक्टेशन सेल' होगा। इस बीच लेबनान में हुआ सीजफायर लागू होता दिख रहा है। इजरायल ने बॉर्डर के पास कुछ इलाकों में पाबंदियों में ढील दी है।

## फिलीपींस में वारदात

# स्कूल में गोलीबारी में तीन छात्रों की मौत

एजेंसी ▶▶| मनीला

मध्य फिलीपीन के एक स्कूल में सोमवार को दो नाबालिग छात्रों ने अंधाधुंध गोलीबारी कर अपने तीन सहपाठियों की जान ले ली और सात अन्य को घायल कर दिया। पुलिस ने बताया कि 14 और 15 वर्ष की आयु के इन संदिग्धों के पास एक-एक पिस्तौल थी। इन संदिग्ध विद्यार्थियों को हिरासत में ले लिया गया है। यह घटना तक्लोबन शहर के सैन जोस नेशनल हाई स्कूल की है और सभी छात्र इसी स्कूल के थे। इस सरकारी स्कूल में गोलीबारी के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। इस स्कूल में 1,500 से अधिक छात्र पढ़ते हैं।

### स्कूल में परेशान पर की शूटिंग

पुलिस ने कहा कि आपस में घनिष्ठ मित्र दोनों संदिग्धों ने शुरुआती पूछताछ में बताया है कि स्कूल में उन्हें परेशान किया जाता था। हालांकि उन्होंने इस बारे में विस्तार से नहीं बताया। पकड़े गए लड़कों का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है और फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि हमले में इस्तेमाल की गई पिस्तौल उन्हें कहां से मिलीं। कैपॉय ने संवाददाताओं से कहा, 'संदिग्धों ने दो कमरों में घुसकर वारदात को अंजाम दिया। पहले कमरे में गोलीबारी के बाद जब बच्चे अपनी जान बचाने के लिए भागे, तो संदिग्धों ने कुछ का पीछा किया और दूसरे कमरे में घुस गए।'

### जर्मनी में रिटायरमेंट की उम्र 70 साल करने की तैयारी

**बर्लिन।** जर्मन सरकार पेंशन सिस्टम में बड़े बदलाव की तैयारी कर रही है। प्रस्ताव के तहत रिटायरमेंट की उम्र 67 से बढ़ाकर 70 साल की जा सकती है। साथ ही 45 साल तक पेंशन फंड में योगदान देने वाले कर्मचारियों को मिलने वाली अर्ली रिटायरमेंट सुविधा भी समाप्त की जा सकती है। जर्मन मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक चांसलर फ्रेडरिक मर्ज और श्रम मंत्री बार्बेल बास द्वारा गठित आयोग मंगलवार को अपनी सिफारिशें पेश करेगा।


## छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड

**सेक्टर 24, ऑफिस कॉम्पलेक्स, ब्लॉक नम्बर 7 ए, द्वितीय तल, मुख्यालय, अटल नगर, नवा रायपुर**
**E-Mail ID - nanheadoffice@gmail.com**

क्रमांक/मक्का निविदा/2026-27/10 — नवा रायपुर, दिनांक : 19.06.2026

**खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में उपार्जित मक्का का विक्रय के लिए निविदा सूचना**

निगम द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में उपार्जित मक्का का विक्रय हेतु राज्य सरकार के उपक्रम/संयुक्त उपक्रम तथा प्रतिष्ठित प्रतिष्ठानों/ व्यवसायी /फर्म/प्रदायकर्ता से (जो निविदा की न्यूनतम अर्हता पूर्ण करते हो) GeM (Government E-Marketplace) Portal के माध्यम से दरें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 06.07.2026 सायं 05.00 बजे तक है।

**TENDER SCHEDULE**

| | | |
|---|---|---|
| Bid Start Date | 19-06-2026 | 11:00 AM |
| Bid Due Date | 06-07-2026 | 05:00 PM |
| Bid Open Date From | 07-07-2026 | 11:00 AM |

निविदा प्रपत्र की समस्त जानकारी जिसमें शर्तें एवं नियम उल्लेखित है, GeM (Government E-Marketplace) Portal एवं राज्य सरकार की वेबसाईट https://www.cgstate.gov.in पर उपलब्ध है।

किसी भी निविदा को बिना कारण बताये मान्य अथवा अमान्य किये जाने का अंतिम अधिकार प्रबंध संचालक को है।

(प्रबंध संचालक महोदया द्वारा अनुमोदित)

संवाद-48238 — एजीएम (उपार्जन)

## कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

क्र. 2227/2026 — दिनांक 19.06.2026

नगर पालिक निगम, कोरबा द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिक निगम बालको जोन अंतर्गत नाली, सडक, भवन एवं भवन में विद्युतीकरण कार्य हेतु वार्षिक दर निर्धारण (निगम मद) (प्रथम निवदा | 50.00 | 10.07.2026 (T.No. 193754) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है।

।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें ।।

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम कोरबा (छत्तीसगढ़)**

## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग (भ/स) अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर

निविदा आमंत्रण तिथि : 20.06.2026

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

01. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये Log in करें http://eproc.cgstate.gov.in
02. संबंधित संभाग-स.क्रं. 1 से 3,5 सूरजपुर, स.क्र. 04,06,07 रामानुजगंज एवं स.क्र. 08 से 13 जशपुर संभाग
03. स.क्र. 01 से 11 'द' वर्ग एवं ऊपर ठेकेदार एवं स.क्र. 12,13 'स' वर्ग एवं ऊपर ठेकेदार
04. ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि- स.क्रं. 1 से 4 6.7.2026 एवं स.क्र. 5 से 13 -9.7.2026

| सरल क्र. | एन.आई.टी.क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 94 | लोक निर्माण विभाग (भ/स) उपसंभाग प्रेमनगर अंतर्गत विभिन्न मार्गो में डब्ल्यू.एम.एम पैच एवं बिटुमिन ईमल्शन पैच रिपेयर का कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | 25.00 |
| 2 | 95 | लोक निर्माण विभाग (भ/स) उपसंभाग सूरजपुर एवं प्रेमनगर अंतर्गत विभिन्न मार्गो में साधारण मरम्मत का कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)) | 20.00 |
| 3 | 96 | लोक निर्माण विभाग (भ/स) उपसंभाग सूरजपुर अंतर्गत विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम पैच एवं बिटुमिन ईमल्शन पैच रिपेयर का कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | 35.00 |
| 4 | 97 | उपसंभाग वाड्रफनगर में प्रतापपुर सेमरसोत मार्ग (राज्य मार्ग क्र. 12) में बी.टी. पैच रिपेयर का कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | 19.99 |
| 5 | 98 | जिला सूरजपुर नवापारा में हाई स्कूल भवन का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 69.02 |
| 6 | 99 | लोक निर्माण विभाग संभाग रामानुजगंज के अंतर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में विशेष मरम्मत का कार्य। (जोनल टेंडर) (प्रथम आमंत्रण) | 99.99 |
| 7 | 100 | संभाग रामानुजगंज अंतर्गत विभिन्न मार्गों में सड़क एवं पुल पुलियों का विशेष मरम्मत कार्य। (जोनल टेंडर) (प्रथम आमंत्रण) | 79.88 |
| 8 | 101 | लोक निर्माण विभाग संभाग जशपुर अंतर्गत विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम. एवं इमल्शन पैच रिपेयर का कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 50.00 |
| 9 | 102 | जिला जशपुर के विकासखण्ड कुनकुरी में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सह कृषित आदान सामग्री गोदाम हेतु नवीन भवन का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 53.31 |
| 10 | 103 | जिला जशपुर के विकासखण्ड बगीचा में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सह कृषि आदान सामग्री गोदाम हेतु नवीन भवन का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 51.36 |
| 11 | 104 | सहायक कृषि यंत्री कार्यालय जशपुर का भवन निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 52.85 |
| 12 | 105 | छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (CGIT) जशपुर हेतु भवन निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित। (प्रथम आमंत्रण) | 119.02 |
| 13 | 106 | संयुक्त शासकीय भवन निर्माण उपसंचालक कृषि, अनुविभागीय कृषि अधिकारी, सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी कार्यालय भवन जशपुर के निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित। (प्रथम आमंत्रण) | 146.81 |

**अधीक्षण अभियंता**
जी-262701648/4 — **लोक निर्माण विभाग, अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर**

## Advertisment for the post of Project Assistant in (Sponsoring Agency: Chhattisgarh Council of Science and Technology etc.) funded Minor Reserch Project

Applications are invited from Indian nationals for the position of Project Assistant in a CCOST Project Funded minor research project with the following details:

Titrle of the Project : Sustainable Plastic Waste Conversion into Carbon Ash. Oil, Fuel and Constructions Bricks "Reference No 230/2026 Dated 07-04-2026"
Principal Investigator : Dr. Sunita Sanwariya Singh, Asst. Professor, Department of Chemistry, Govt. Nagarjuna PG College of Science, Raipur (C.G.)
Name of the position : Project Assistant (PA)
Number of positions : 01
Essential qualifications : M.Sc.
Desirable : As required by PI

M.Sc. from Chemistry/Materials Science/Nanoscience/Plymer Science or M.Tech from Materials science/Nanotechnology/ Polymer Science or related topics with minimum of 60% aggregate score (6.5 grade on scale of 10). NET/GET qualified candidates will be preferred.

Salary : 20,000/- per month
How to apply : Intrested candidate bring all documents along with them during interview:
Date of Walking : 30-06-2026
Time : 12:00 AM
Venue : Department of Chemistry, Govt. Nagarjuna PG College of Science, Raipur (C.G.)
Terms & Conditions : 1. No TA/DA will be provided to the candidate for the interview,
2. The decision of the selection committee will be final.

**Principal Investigator**
**Dr. Sunita Sanwariya Singh**

G.- 262701612/2 — **Head of the Institute**


## कम नहीं हो रहीं टीएमसी की मुश्किलें

# एक और बगावत? 70 पार्षदों ने ऋतब्रत के साथ की बैठक



एजेंसी ▶▶| कोलकाता

पश्चिम बंगाल चुनाव में हार के बाद से ही ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस के लिए मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। विधायकों और सांसदों के बाद अब 70 टीएमसी पार्षदों ने सोमवार को ऋतब्रत बनर्जी के साथ बैठक की। ममता बनर्जी के करीबी और कोलकाता के पूर्व मेयर फिरहाद हकीम भी इस बैठक में मौजूद थे। माना जा रहा है कि ये पार्षद भी बगावती रुख अपना सकते हैं। ये पार्षद तीन अलग-अलग जिलों से हैं, जिनमें कम से कम 50 पार्षद कोलकाता नगर निगम (केएमसी) के बताए जा रहे हैं। खास बात यह है कि कुछ दिन पहले फिरहाद हकीम ने राज्य विधानसभा में ऋतब्रत बनर्जी और संदीपन साहा के साथ बंद कमरे में बैठक की थी। इससे पहले पार्टी के 80 में से 64 विधायक और 28 में से 20 सांसद भी बागी हो चुके हैं। टीएमसी के बागी विधायकों ने राज्य विधानसभा में ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व में अलग गुट के तौर पर खुद को मान्यता दिलाई है।

## ऑस्ट्रेलिया में 2.7 टन कोकीन बरामद



**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने देश के इतिहास की सबसे बड़ी कोकीन जब्ती करते हुए 2.7 टन ड्रग्स बरामद की है। पश्चिमी सिडनी के लोंडनडेरी इलाके में एक भूमिगत बंकर प्रणाली से मिली इस खेप की अनुमानित कीमत 816 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (करीब 4,700 करोड़ रुपए) बताई गई है। पुलिस के अनुसार कोकीन तीन शिपिंग कंटेनरों के नकली फर्श के नीचे बने गुप्त कम्पार्टमेंट में छिपाकर रखी गई थी। छापेमारी के दौरान 21 और 25 वर्ष के दो युवकों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों का आरोप है कि दोनों पुलिस कार्रवाई के दौरान भागने की कोशिश कर रहे थे। दोषी पाए जाने पर दोनों को उम्रकैद की सजा हो सकती है। पुलिस का कहना है कि कोकीन की यह खेप उत्तर क्वींसलैंड के छोटे से कस्बे मिड्ज पॉइंट के रास्ते ऑस्ट्रेलिया पहुंचाई गई थी। जांच में सामने आया है कि इसके पीछे एक संगठित अंतरराष्ट्रीय अपराध गिरोह का हाथ हो सकता है। जांच एजेंसियों ने सोलोमन द्वीप समूह में एक संदिग्ध 'मदर वेसल' को भी हिरासत में लिया है।


## कार्यालय प्राचार्या, शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय

**स्व. चंदुलाल चंद्राकर स्मृति, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय परिसर, कचांदुर, दुर्ग (छ.ग.) 490024**
**फोन नं. 0788-2960077, ई-मेल : govconnur184@gmail.com, वेबसाईट : www.gcondurg.co.in**

क्रमांक /1081/ शा.न.महा. / छात्र / 2026 — दुर्ग, दिनांक : 16/06/2026

**-// सूचना //-**

शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) में सत्र 2026-27 के लिये बी.एस.सी. नर्सिंग पाठ्यक्रम को पूर्ण करने हेतु इंडियन नर्सिंग कौंसिल नई दिल्ली द्वारा निर्धारित अवधि के लिये अतिथि शिक्षकों से दिनांक 13.07.2026 को समय सुबह 10 बजे आवेदन पत्र एवं दस्तावेज सहित Walk In Interview हेतु आमंत्रित किये जाते हैं।

| क्र. | विषय का नाम | इंडियन नर्सिंग कौंसिल द्वारा निर्धारित घंटा | अतिथि शिक्षकों की संख्या | योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अंग्रेजी | 60 घंटे | 01 | एम.ए. (अंग्रेजी) |
| 2. | कम्प्यूटर | 45 घंटे | 01 | पी.जी.डी.सी.ए. |
| 3. | अप्लाईड साइकोलॉजी | 30 घंटे | 01 | एम.ए. (साईकोलॉजी) |
| 4. | अप्लाईड सोशियोलॉजी | 30 घंटे | 01 | एम.ए. (सोशियोलॉजी) |
| 5. | स्टेटीस्टीक्स | 23 घंटे | 01 | एम.एस.सी. (गणित / स्टेटीस्टीक्स) |
| 6. | फिजिकल एजुकेशन | 120 घंटे | 01 | एम.पी.एड. |
| 7. | फॉरेन लैंगवेज (फ्रेंच एवं जर्मन) | - | 01 | संबंधित विषय में स्नातक |
| 8. | योगा | - | 01 | संबंधित विषय में स्नातक |
| 9. | डांस | - | 01 | संबंधित विषय में स्नातक |
| 10. | संगीत | - | 01 | संबंधित विषय में स्नातक |

उक्त पदों से संबंधित नियम एवं शर्तें तथा आवेदन पत्र की जानकारी कार्यालय के सूचना पटल अथवा कार्यालय के वेबसाइट www.gcondurg.co.in पर जाकर प्राप्त कर सकते हैं।

**प्राचार्य**
**शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)**

G.262701632/1

## HIGH COURT OF CHHATTISGARH, BILASPUR

**"SHORT ADVERTISEMENT"**

**Advertisement No. 03/2026 Dated 19.06.2026** — **Last date of receipt of application 20.07.2026 till 5:00P.M.**

Applications are invited from eligible candidates in prescribed proforma for recruitment to the 20 posts of **Library Assistant (Junior Judicial Assistant)** in the establishment of this High Court. The details of the post and qualifications are as under:-

**Name of the Post - Library Assistant (Junior Judicial Assistant)**
**(Level-4 of Pay Matrix) (19500-62000)** — **Total No. of posts - 20**

| S. No. | Category | Number of posts | Minimum Qualification | Posts Reserved for Divyang Persons |
|---|---|---|---|---|
| 1 | UR | 10 Posts (Including 03 - Women | The candidate must have Bachelors Degree in Library Science from any recognized University. | Out of total vacancies, 02 posts reserved for Physically Disabled Persons (Divyang Persons). [OA, OL, OAL, BL, B, LV, HH, OH, Acid attack victim, Muscular Dystrophy, Dwarfism, Leprosy Cured, Autism] |
| 2 | SC | 03 Posts | | |
| 3 | ST | 04 Posts (Including 01 - Women) | | |
| 4 | OBC | 03 Posts | | |
| | Total | 20 Posts | | |

**Note:- The number of posts may increase or decrease and the number of reserved posts may also vary at any time. This advertisement/recruitment and appointment shall be subject to final outcome of the S.L.P. (C) No. 19668/2022 of Supreme Court of India.** For further details, interested candidates may visit the website of **https://highcourt.cg.gov.in/**

G.- 262701619/2 — **(Rajnish Shrivastava) Registrar General**


## राशिफल

**मेष** — मन अशान्त रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों के साथ वाद-विवाद से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** — मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। नौकरी में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — मन अशान्त रहेगा। मन में निराशा एवं असन्तोष भी हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा, परन्तु कुछ कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** — आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित रहें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है।

**कन्या** — नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। सहयोग मिलेगा।

**तुला** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु मन अशान्त हो सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।


**धनु** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। विदेशी कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**मकर** — आत्म संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च बढ़ेंगे।

**कुंभ** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेगा। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। पिता का साथ मिल सकता है।

**मीन** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता

## शब्द पहेली - 6265



**बाएँ से दाए-**

1. जानकारी-4
4. मांसाहार का उलट-4
8. 'जुम्मा चुम्मा दे दे' गीत वाली फिल्म-2
9. कायाकल्प-5
10. पिता के छोटे भाई-2
13. कहानी लिखने वाला-5
15. नाम रखना-5
17. बेवक्त, अकाल-5
20. प्रयास, कोशिश-5
23. टोंटी, नलका-2
24. कामदेव, पुष्कर-2,3
25. डर, भय-4
28. शोर-शराबा-4
29. बेवफा, व्यभिचारी-4

**ऊपर से नीचे**

2. बिंदु, बिंदी, शून्य-2
3. गोलाकार-3
4. सम्मिलित होना-3,2
5. घाटा, नुकसान-2
6. मूर्ख, बेवकूफ-4
7. बिना कारण, बेवजह-4
11. राजा की पत्नी-2
12. वहम, संदेह-2
14. दुर्घटना-3
16. खाना बनाने की जगह, किचन-3
17. एकाएक, सहसा-4
18. अलमस्त-2
19. कमल ककड़ी, कमल डंडी-3,2
20. आरामदायी-5
21. सम्मान-2
22. भलमानसता-4
26. सद्, अच्छा-2
27. मृत्यु, प्रारब्ध, न्याय निर्णय-2

### शब्द पहेली -6264 का हल



## सूडोकु नवताल- 6275

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 6274 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

# द. कोरिया की 300 कंपनियां शेयर बाजार से बाहर होंगी, एक्सचेंज का बड़ा फैसला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दक्षिण कोरिया एक्सचेंज के सीइओ ने कहा है कि देश में लिस्टेड करीब 2,700 कंपनियों में से लगभग 300 कंपनियां अगले साल तक डीलिस्ट हो सकती हैं। यानी उनके शेयर स्टॉक एक्सचेंज पर ट्रेड नहीं होंगे।

- देश के स्टॉक एक्सचेंज में 2700 कंपनियां सूचीबद्ध है

यह फैसला किसी एक कंपनी या सेक्टर के लिए नहीं है। इसके पीछे मकसद है निवेशकों का भरोसा बढ़ाना और बाजार को ज्यादा मजबूत बनाना। सवाल यही है कि जब कंपनियां पहले से बाजार में लिस्टेड हैं, तो फिर उन्हें बाहर करने की जरूरत क्यों पड़ रही है? दरअसल, शेयर बाजार सिर्फ कंपनियों का नहीं, निवेशकों के भरोसे का भी खेल है।

## मकसद निवेशकों का भरोसा बढ़ाना और बाजार को ज्यादा मजबूत करना

### पूरी दुनिया के निवेशकों का ध्यान खींचा

अगर कुल 2,700 कंपनियों में से 300 कंपनियां बाहर होती हैं, तो यह कोई छोटा कदम नहीं है। मतलब हर 100 कंपनियों में करीब 11 कंपनियां बाजार से बाहर हो सकती हैं। यही वजह है कि इस खबर ने पूरी दुनिया के निवेशकों का ध्यान अपनी तरफ खींच लिया है।

### डीलिस्टिंग का मतलब क्या होता है

बहुत से छोटे निवेशक यह शब्द सुनते हैं, लेकिन इसका मतलब पूरी तरह नहीं समझते। डीलिस्टिंग का सीधा मतलब है कि कंपनी का शेयर स्टॉक एक्सचेंज पर ट्रेड नहीं होगा। आप उस शेयर को सामान्य तरीके से खरीद या बेच नहीं पाएंगे। जब कोई कंपनी एक्सचेंज के नियमों को पूरा नहीं कर पाती या किसी वजह से उसे बाहर किया जाता है, तो उसे डीलिस्टिंग कहा जाता है।



*निवेशकों का भरोसा बढ़ाने की कोशिश : कोरिया एक्सचेंज का कहना है कि यह पूरा कदम निवेशकों का भरोसा बढ़ाने के लिए उठाया जा रहा है। दुनिया भर के बाजार अब सिर्फ कंपनियों की संख्या बढ़ाने पर ध्यान नहीं दे रहे।*

### जरूरत पड़ी तो नियम और सख्त होंगे

कोरिया एक्सचेंज ने यह भी साफ किया है कि अगर जरूरत पड़ी तो और कड़े नियम भी लाए जा सकते हैं। यानी यह सिर्फ शुरुआत हो सकती है। अगर बाजार की गुणवत्ता सुधारने के लिए और कदम उठाने पड़े, तो एक्सचेंज पीछे हटने वाला नहीं है। यह संदेश कंपनियों के लिए भी साफ है कि अब सिर्फ लिस्टेड रहना काफी नहीं होगा। प्रदर्शन भी दिखाना पड़ेगा।

*निवेशकों के लिए बेहतर कंपनियां हो: अगर बाजार में ऐसी कंपनियां बनी रहें जो लगातार खराब प्रदर्शन कर रही हों, नियमों का पालन न करती हों या निवेशकों को कोई खास फायदा न दे रही हों, तो पूरे बाजार की छवि खराब हो सकती है। इसी वजह से कोरिया एक्सचेंज अब बाजार की सफाई के मूड में दिखाई दे रहा है।*

### कोरिया डिस्काउंट क्या होता है

आसान भाषा में समझें तो लंबे समय तक ऐसा माना जाता था कि दक्षिण कोरिया की कंपनियां अच्छी होने के बावजूद उन्हें उतनी वैल्यू नहीं मिलती थी जितनी दुनिया के दूसरे बाजारों में मिलती है। निवेशकों को लगता था कि कॉर्पोरेट गवर्नेंस, शेयरधारकों के अधिकार और पारदर्शिता के मामले में सुधार की जरूरत है। यही वजह थी कि कई कंपनियों का वैल्यूएशन कम माना जाता था। अब एक्सचेंज का दावा है कि हालात पहले से काफी बेहतर हो चुके हैं और यह डिस्काउंट काफी हद तक खत्म हो गया है।

## खबर संक्षेप

### सेबी ने दी चार कंपनियों को आईपीओ लाने की मंजूरी



**नई दिल्ली।** एजीएस हेल्थ, पीजीपी ग्लास, श्रेणी शेयर्स और एसआरआईटी इंडिया को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से पूंजी जुटाने की मंजूरी मिल गई है। बाजार नियामक से शुक्रवार को यह जानकारी मिली।

### पूंजीकरण में एयरटेल सबसे अधिक लाभ में रही

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर निवेशकों की जोखिम लेने की क्षमता में सुधार और घरेलू शेयर बाजार में तेजी के बीच सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 2.15 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। इस दौरान भारती एयरटेल सबसे अधिक लाभ में रही।

### रुपया 34 पैसे टूटकर 94.67 प्रति डॉलर पर




**मुंबई।** रुपया सोमवार को 34 पैसे कमजोर होकर 94.67 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। विदेशी बाज़ार में अमेरिकी मुद्रा की मज़बूती के कारण रुपये पर दबाव है। रुपये में उतार-चढ़ाव बना रहा। स्थिर ऋण एवं जमा प्रवाह ने घरेलू मुद्रा को सहारा दिया, जबकि पश्चिम एशिया की अनिश्चित स्थिति तथा मजबूत डॉलर ने इसे दबाव में डाला।

### स्टील बर्ड की प्रीमियम ब्रांड की मांग में वृद्धि दर्ज

**मुंबई।** प्रमुख हेलमेट कंपनी स्टीलबर्ड हाई-टेक इंडिया की कुल आय में प्रीमियम खंड की हिस्सेदारी वर्ष 2032 तक 20 प्रतिशत तक पहुंच सकती है, क्योंकि इसके विशेष ब्रांड की मांग में वृद्धि हो रही है। स्टीलबर्ड हाई-टेक के प्रबंध निदेशक राजीव कपूर ने कहा कि पिछले वित्त वर्ष में उसकी आय 869 करोड़ रुपये रही, जिसमें प्रीमियम खंड का योगदान पांच प्रतिशत से भी कम था।

### के2 इन्फ्रा को मिला सड़क परियोजना का ठेका




**नई दिल्ली।** इंजीनियरिंग और बुनियादी ढांचा क्षेत्र से जुड़ी कंपनी के2 इन्फ्रा लि. को तेलंगाना सरकार से लगभग 390.91 करोड़ रुपये की सड़क परियोजना का ठेका मिला है। तेलंगाना ग्रामीण सड़क विकास कार्यक्रम के तहत मिली परियोजना भोंगीर सर्किल में चुनिंदा पंचायती राज इंजीनियरिंग विभाग की सड़कों के निर्माण, उन्नयन, मजबूती और रखरखाव के लिए है।

### वोल्टास ने 10 लाख एसी बिक्री का आंकड़ा पार किया




**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख रूम एयर कंडीशनर (आरएसी) कंपनी वोल्टास ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 के पहले तीन महीनों के भीतर ही 10 लाख रूम एसी की बिक्री का आंकड़ा पार कर लिया है। टाटा समूह की कंपनी का दावा है कि उसने यह उपलब्धि अब तक के सबसे कम समय में हासिल की है, जिससे भारतीय एयर कंडीशनर बाजार में उसकी अग्रणी स्थिति और मजबूत हुई है। 2023-24 में 20 लाख रूम एसी बेचे थे। उद्योग में पहली बार यह आंकड़ा हासिल हुआ था।

### जेपी मोर्गन की जारी रिपोर्ट में कहा गया

# पेट्रोल, डीजल मार्जिन पश्चिम एशिया संघर्ष शुरू होने से पहले के स्तर से पार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकारी पेट्रोलियम विपणन कंपनियों के लाभ में सुधार की उम्मीद है। इसका कारण कच्चे तेल की घटती कीमतों से ईंधन विपणन मार्जिन में होने वाला सुधार है। हालांकि, बढ़ते कर्ज और ईंधन कर को लेकर अनिश्चितता इस क्षेत्र की लंबी अवधि की कमाई की संभावनाओं को सीमित कर सकती है। जेपी मॉर्गन की एक रिपोर्ट में यह कहा गया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकारी रिफाइनरियों और खुदरा ईंधन विक्रेताओं के पेट्रोल और डीजल की बिक्री पर संयुक्त मार्जिन अब हाल के पश्चिम एशिया संघर्ष से पहले के स्तर से ऊपर है। इसका कारण कच्चे तेल की कम कीमतें और केंद्रीय उत्पाद शुल्क में कटौती है।

### ईंधन की खुदरा कीमतें काफी हद तक स्थिर रही

पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने से वैश्विक तेल की कीमतों में उछाल आया, लेकिन देश में पेट्रोल पंप पर ईंधन की खुदरा कीमतें काफी हद तक स्थिर रहीं। इसमें वृद्धि जरूरी बढ़ोतरी के मुकाबले बहुत कम रही। मई में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 7.50 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी के बाद भी, पेट्रोल पंप पर ईंधन के दाम लागत से कम थे।

## बढ़ते कर्ज और ईंधन कर को लेकर अनिश्चितता

### मार्च में उत्पाद शुल्क में हुई थी कटौती

सरकार ने मार्च में पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में प्रति लीटर 10 रुपये की कटौती की थी ताकि खुदरा कीमतों में तुरंत बढ़ोतरी न हो। जब वैश्विक तेल की कीमतें युद्ध से पहले के स्तर पर आ जाएंगी और स्थिर हो जाएंगी, तो शुल्क को फिर से लगाया जा सकता है।



### एलपीजी पर नुकसान अब भी अधिक



जेपी मॉर्गन ने कहा, ''पेट्रोल और डीजल पर पेट्रोलियम विपणन कंपनियों के संयुक्त मार्जिन के लिए हमारे अनुमान अब युद्ध-पूर्व स्तर से अधिक हैं। एलपीजी पर नुकसान अब भी अधिक है, लेकिन जल्द ही तेल की कीमतों के साथ इसमें भी कमी आनी चाहिए।'' रिपोर्ट के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में कमाई पर माल भंडार के स्तर पर नुकसान का असर पड़ सकता है, लेकिन दूसरी तिमाही में लाभ बेहतर होना चाहिए।

### एचपीसीएल के मार्जिन में पहले से उछाल

*ब्रोकरेज कंपनी का अनुमान है कि बीपीसीएल और आईओसीएल के लिए मौजूदा संयुक्त पेट्रोल और डीजल मार्जिन संघर्ष से पहले के स्तर से अधिक है, जबकि एचपीसीएल के मार्जिन काफी हद तक तेल की कीमतों में हाल के उछाल से पहले के स्तर पर या उससे ऊपर आ गए हैं। यह सुधार बेहतर संयुक्त रिफाइनिंग और विपणन परिवेश को दिखाता है।*

*कीमतें कम होने से कंपनियों को अधिक लाभ : तेल की कीमतें अगर कम होती रहती हैं तो सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों (ओएमसी)... भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (बीपीसीएल), इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल)... में से बीपीसीएल और आईओसी को निकट भविष्य में सबसे अधिक लाभ होने की उम्मीद है।*

# कच्चे तेल में नरमी से घरेलू शेयर बाजार में तेजी लौटी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और अमेरिका-ईरान वार्ता में प्रगति की उम्मीद के बीच सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में तेजी लौट आई। सेंसेक्स 291 अंक चढ़कर बंद हुआ जबकि निफ्टी में 90 अंक की बढ़त दर्ज की गई।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 291.17 अंक बढ़कर 77,094.07 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 522.66 अंक चढ़कर 77,325.56 अंक तक चला गया था। निफ्टी भी 89.80 अंक यानी 0.37 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,102.90 अंक पर बंद हुआ। विदेशी निवेशकों के फिर से लिवाली शुरू करने और रिलायंस इंडस्ट्रीज एवं एचडीएफसी बैंक के शेयरों में खरीदारी आने से बाजार को सहारा मिला। सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा में सर्वाधिक 1.87 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। इसके अलावा सन फार्मा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और बजाज फिनसर्व के शेयर भी चढ़कर बंद हुए। दूसरी तरफ एशियन पेंट्स, टाइटन, पावर ग्रिड और ट्रेंट के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई।ऑनलाइन ट्रेडिंग मंच एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पोनमुडी आर. ने कहा,



- सेंसेक्स 291 और निफ्टी 90 अंक चढ़ा
- ईरान वार्ता में प्रगति की उम्मीद से बाजार में तेजी लौटी

''अमेरिका-ईरान वार्ता के पहले दौर के सकारात्मक संकेतों से वैश्विक निवेशकों की धारणा मजबूत हुई है।


**हालांकि निवेशक सतर्क रुख बनाए हुए हैं।''**

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''अमेरिका-ईरान वार्ता में प्रगति की उम्मीद के बीच बाजार सीमित दायरे में कारोबार करता रहा। इसमें बैंकिंग, उपयोगिता एवं स्वास्थ्य सेवा क्षेत्रों के बेहतर प्रदर्शन की अहम भूमिका रही।''

# अमेरिकी प्रतिबंधों के जवाब में चीन ने किया पलटवार

एजेंसी ▶▶| बीजिंग

चीन ने अमेरिकी प्रतिबंधों के जवाब में 10 अमेरिकी सैन्य-संबंधित कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने की सोमवार को घोषणा की। यह कदम अमेरिका के कुछ प्रमुख चीनी प्रौद्योगिकी कंपनियों को रक्षा अनुबंधों से बाहर करने के निर्णय के बाद उठाया गया है।



- अमेरिकी रक्षा कंपनियों के निर्यात पर रोक
- चीनी प्रौद्योगिकी कंपनियों को अनुबंधों से बाहर करने के बाद निर्णय

चीन की कंपनियों को इन 10 कंपनियों को ''दोहरे उपयोग'' (डुअल-यूज़) की वस्तुओं के निर्यात से रोका जाएगा। इनमें सैन्य ड्रोन बनाने वाली कंपनियां और दुर्लभ खनिजों से जुड़ी कुछ कंपनियां शामिल हैं। दोहरे उपयोग'' से तात्पर्य ऐसे सामानों से है जिनका उपयोग सैन्य और गैर-सैन्य दोनों उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है। मंत्रालय ने कहा कि यह निर्यात प्रतिबंध चीन की राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के लिए और अमेरिकी सरकार द्वारा ''कथित चीनी सैन्य कंपनियों की सूची'' के गलत विस्तार के जवाब में लगाया गया है। इन 10 कंपनियों में कैलिफोर्निया के सिमी वैली स्थित एविओएक्स; यूटा के साउथ साल्ट लेक स्थित रेड कैट होल्डिंग्स तथा टील ड्रोन्स; यूटा के स्प्रिंगविल स्थित आईएमएसएआर; रोड आइलैंड के ब्रिस्टल स्थित जाइया रोबोटिक्स; कोलोराडो के ब्रूमफील्ड स्थित बॉल एयरोस्पेस एंड टेक्नोलॉजीज; विस्कॉन्सिन के ओशकोश स्थित ओशकोश डिफेंस; वर्जीनिया के नॉरफॉक स्थित एल3हैरिस मैरीटाइम सर्विसेज; लास वेगास स्थित एमपी मटेरियल्स और ओक्लाहोमा के स्टिलवॉटर स्थित यूएसए रेयर अर्थ शामिल हैं।

आधिकारिक समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' की खबर के अनुसार, वित्त मंत्रालय ने कहा है कि अलग से सरकारी संस्थाओं को 46 अमेरिकी कंपनियों (जिनमें लॉकहीड मार्टिन और रेथियॉन मिसाइल्स एंड डिफेंस शामिल हैं) के उत्पाद खरीदने से प्रतिबंधित किया जाएगा।

### प्रतिबंध ट्रंप व शी के बीच बनी सहमति के विपरीत

वाणिज्य मंत्रालय ने उस समय कहा था कि ये प्रतिबंध अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मई में चीन यात्रा के दौरान उनकी चीन के नेता शी चिनफिंग के साथ बनी सहमति के विपरीत हैं। मंत्रालय ने सोमवार की घोषणा में कहा कि किसी अन्य देशों की कंपनियों या लोगों को चीन द्वारा प्रतिबंधित अमेरिकी कंपनियों तक दोहरे उपयोग (डुअल-यूज़) वस्तुओं के हस्तांतरण की अनुमति नहीं होगी।

# भारत-ईयू व्यापार समझौते पर दिसंबर तक हस्ताक्षर



**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि भारत और 27 सदस्यीय यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर दिसंबर तक हस्ताक्षर किए जाएंगे और इसके अगले वर्ष फरवरी-मार्च के दौरान लागू होने की संभावना है। इस वर्ष 27 जनवरी को भारत और यूरोपीय संघ ने वार्ताओं के समापन की घोषणा की थी। गोयल ने मुंबई में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के साथ बातचीत के दौरान कहा, 'अब लगभग शून्य शुल्क के साथ यूरोपीय बाजार का बड़ा हिस्सा भारतीय उत्पादों के लिए खुल जाएगा। भारत-ईयू एफटीए पर दिसंबर तक हस्ताक्षर होंगे और यह फरवरी-मार्च तक प्रभावी हो जाएगा।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **लुरू प्रसाद जायसवाल (लुरू प्रसाद जायसवाल के मालिक), निवासी: गांव बडेसीपत, तहसील मल्हारोडा, जांजगीर–चांपा, छत्तीसगढ़ – 495691** ने **Ct. Cases/CC NI Act: 334/24, U/s: 138 NI Act, पुलिस थाना पटेल नगर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **लुरू प्रसाद जायसवाल** मिल नही रहा है। और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **लुरू प्रसाद जायसवाल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना पटेल नगर, दिल्ली** के अभियुक्त **लुरू प्रसाद जायसवाल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.07.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री पूनम सिंह
जेएमएफसी (NI Act)–04,
पश्चिम, अनुलग्नक– I, कमरा संख्या 04,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/7971/CD/2026

## छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक
**CHHATTISGARH GRAMIN BANK**
Scheduled Bank Owned by Government
कॉर्पोरेट कार्यालय: प्लॉट नं.-47, सेक्टर-24, अटल नगर नवा रायपुर (छ.ग.) पिन-492018

श्री अंजनी कुमार तिवारी,
सेवानिवृत्त अधिकारी, पीएफ - 4976025,

विभा. जाँच/06/2026-27
दिनांक : 20.06.2026

**विभागीय जाँच कार्यवाही बैठक में उपस्थिति विषक**

विषयांतर्गत, अनुशासनिक प्राधिकारी द्वारा आपको जारी आरोप पत्र क्रमांक/सतर्कता/19अ/2011-12, दिनांक 22.11.2011 में उल्लेखित आरोपों की सत्यता की जाँच का दायित्व अधोहस्ताक्षरकर्ता का सौपा गया हैं जिसकी सूचना पत्र क्र. कॉ.का/सर्तकता/055/2026-27 दिनांक 12.05.2026 के माध्यम से संस्था को ज्ञात आपके पते पर प्रेषित की गई थी किन्तु डाक वापस आ गई। इस संबंध में विभिन्न समय पर आपके द्वारा बैंक को दिये आवासीय पते पर विभागीय जांच कार्यवाही बैठक की सूचना निम्नानुसार पंजीकृत डाक से अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा प्रेषित की गईः-

| पत्र क्र. | दिनांक | बैठक दिनांक |
|---|---|---|
| 01/2026-27 | 16.05.2026 | 26.05.2026 |
| 02/2026-27 | 26.05.2026 | 02.06.2026 |
| 03/2026-27 | 02.06.2026 | 09.06.2026 |
| 04/2026-27 | 09.06.2026 | 29.06.2026 |

उपरोक्त सभी पत्र डाक से वापस आ गये है। अतः आपको इस सूचना के साथ अन्तिम रूप सेअवगत कराया जाता है कि मेरे द्वारा दिनांक 29.06.2026 को प्रातः 11 बजे छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक कॉर्पोरेट ऑफिस प्लाट नं. 47 सेक्टर 24 अटल नगर नवा रायपुर (छ.ग.) में विभागीय जाँच कार्यवाही बैठक प्रस्तावित की गई है, जिसमें आप उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें। यदि आपके द्वारा उल्लेखित दिवस व समय पर बैठक में उपस्थिति नहीं दी जाती है तो यह माना जावेगा कि आप विभागीय जाँच कार्यवाही में सम्मिलित नही होना चाहते है व आपको अपना पक्ष नही रखना एवं विभागीय जाँच कार्यवाही एक पक्षीय प्रारम्भ की जावेगी, जो पूर्वाग्रह रहित मानी जावेगी।

भवदीय
(विष्णु प्रसाद अग्रवाल)
जाँचकर्ता अधिकारी
मो. न 9203409255

## एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि.
LIC HFL — LIC HOUSING FINANCE LTD
प्रथम तल, भारतीय जीवन बीमा निगम, मंडल कार्यालय, मगरपारा रोड, बिलासपुर - 495001 (छ.ग.) फ़ोन: 07752-418136

**परिशिष्ट– IV नियम 8 (1) आधिपत्य सूचना (अचल संपत्ति के लिए)**

अधोहस्ताक्षरी एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि. का अधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय अस्थियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (12) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के साथ प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये निम्नलिखित ऋणधारियों का ब्याज राशि सहित नोटिस प्राप्ति के दिनांक से 60 दिन की समयावधि में भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था। ऋण ग्रहित राशि का भुगतान करने में असफल रहा है अतः ऋण ग्रहित और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) सपठित उक्त नियम (8) के साथ पढ़ा जाये एतरिमन नीचे वर्णित संपत्ति का आधिपत्य को ग्रहण कर लिया गया है। ऋण ग्रहित को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नवर्णित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिये निम्न खाते के सामने अंकित एलआईसी हाऊसिंग लि. बिलासपुर प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | खातेदार का नाम | संपत्ति विवरण | मांग सूचना / कब्जा तिथि | उल्लेखित राशि मांग सूचना पत्र में |
|---|---|---|---|---|
| 1) | उधारकर्ता- श्री अशोक कुमार गिदवानी, सह-उधारकर्ता-श्रीमती सपना गिदवानी, श्री मोहित कुमार गिदवानी एवं श्रीमती पुष्पा बाई गिदवानी 120200007423 / 120200007424 / 8003020002504 | प्लॉट नंबर 569, खसरा नंबर 1216/23, हेमू नगर, मौज़ा तोरवा, प.ह नंबर 22/34, वार्ड नंबर 38, शहीद हेमू कॉलोनी नगर वार्ड, शीट नंबर 14/11, बिलासपुर (छत्तीसगढ़) 495001 में कुल क्षेत्रफल - 1658 वर्ग फुट पर स्थित संपत्ति। सीमाएँ: उत्तर – सड़क, दक्षिण- श्री जनदिन सिंह का प्लॉट, पूर्व -सड़क, पश्चिम- श्री राव का मकान। | 02.03.2026 / 18.06.2026 | रू 81,63,728.00 + ब्याज व अन्य खर्चे |

वैधानिक सूचना: ऋणी एवं जमानतदार को सूचित किया जाता है कि इस नोटिस के छपने की तारीख के 30 दिनों के अंदर, वे उपरोक्त राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं खर्चों का भुगतान कर देवें अन्यथा उक्त वर्णित संपत्ति की नीलामी कर दी जावेगी तथा उसके बाद ऋण एवं ब्याज की वसूली खर्चे सहित ऋणी एवं जमानतदारों से की जावेगी।

दिनांक: 23.06.2026, स्थान: बिलासपुर — प्राधिकृत अधिकारी

## कार्यालय नगर पंचायत मारो, जिला- बेमेतरा (छ.ग.)

क्रमांक: 298 / लो.नि.वि. / न.पं. / 2026-27 — मारो, दिनांक: 19/06/2026

**-:: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना ::-**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ई-टेण्डर निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| क्रं. | सिस्टम निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि (लाख में) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 193793 | Revamping of Material Recovery Facility (MRF) including installation of Machinery and construction of Compost Plant in Municipal Areas of Maro, Chhattisgarh | 26.67 | द्वितीय निविदा |

उपरोक्तानुसार ऑनलाईन द्वारा द्वितीय निविदा 193793 दिनांक 19/06/2026 से आमंत्रित की जाती है। निविदा के संबंध में विस्तृत विवरण छ.ग. शासन के ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल http//eproc.cgstate.gov.in व विभागीय वेबसाईट uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा आमंत्रण से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना विभाग की वेबसाईट में प्रसारित की जायेगी, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत मारो

## पी. एम. श्री जवाहर नवोदय विद्यालय
शिक्षा मंत्रालय)
(स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग)
भारत सरकार
पेंटा, सुकमा - 1 (छ.ग.) 494122
ईमेल - jnvkontasukma1@gmail.com

**PM SHRI JAWAHAR NAVODAYA VIDYALAYA**
Ministry of Education
(Dept. of School Education & Literacy) Govt. of India
Penta, Sukma-I,
Chhattisgarh -494122
Email- jnvkontasukma1@gmail.com

CBSE Affil No. 3340024, School No. 19261 UDISE No. 22213410709

F. No.01/JNV-Sukma-I//2026-27/167 — **WALK-IN-INTERVIEW** — Date : 22/06/2026

PM Shri School Jawahar Navodaya Vidyalaya, Dornapal, Sukma-1 (C.G.) is inviting experienced persons/experts purely on a contractual/part-time basis for the session 2026-27. Interested and eligible candidates can attend the walk-in interview in the Vidyalaya on 01/07/2026 (10:30 AM to 01:30 PM) along with their educational certificates and experience documents.

| SL. NO | POST | NO. of POST | QUALIFICATION | MONTHLY PAYMENT | DURATION |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Yoga teacher (Female) | 01 | B.P.Ed/M.P.Ed in Yoga or Post Graduate Diploma in Yoga specialization from recognized university. Priority will be given on the basis of experience. | 12500/- (minimum 03 sessions per week) | 08 months (under PMSHRI) |
| 2. | Sports coach (Football/ Handball) | 01 | B.PED or M.PED with specialization from recognized university. Candidate must have participated in relevant sports event at State level or higher. Priority will be given On the basis of experience. | 20000/- (16 sessions monthly) | 05 months (under PMSHRI) |
| 3. | Sports Coach 01 (Kabaddi/ Kho-kho) | 01 | B.P.Ed or M.P.Ed with specialization in Handball from recognized university. Candidate must have participated In relevant sports event at State level or higher. Priority will be given on the basis of experience. | 20000/- (16 sessions monthly) | 05 months (under PMSHRI) |
| 4. | Self-defense trainer (Female) | 01 | Expert in Judo/ Karate/ Taekwondo/ Kung fu (Relevant Degree/certificate from recognized institute). Black belt in any of martial art form. Priority will be given on the basis of experience. | 12500/- (minimum 04 training programs monthly) | 08 months (under PMSHRI) |
| 5. | Dance Trainer | 01 | Certificate/Diploma/Degree in classical/ Folk/ Modern dance/ Local Traditional with performance experience (Kathak/ Bharatnatyam/odisi). Priority will be give non The basis of experience. | 25000/- (06 sessions per week) | 06 months (under PMSHRI) |
| 6. | Instrumental Music Coach | 01 | Skilled in instruments like Guitar/Tabla/Keyboard, banjo/Flute/Octopad/Harmonium. Certificate/Dholak Diploma/Degree in music with professional experience etc. Priority will be given on the basis of experience. | 25000/- (06 sessions per week) | 06 months (under PMSHRI) |
| 7. | Skill Teacher agriculture (Solenaceous Crop Cultivator) | 01 | Master's/Bachelor's Degree in Agriculture/ Horticulture OR Diploma in Horticulture. Desirable: Higher education and experience of teaching/ farming related work. | 30000/- (vacation periods will not be paid) | 10 months (under PMSHRI) |
| 8. | Atal Tinkering Lab (ATL) facilitator | 01 | B.Tech/M.Tech in Electronics and Communication Engineering with minimum one year experience in any reputed institution in the field of innovation/robotics/ STEM/Artificial Intelligence. | 30000/- (classes to be conducted as per time table) | 10 months (under PMSHRI) |
| 9. | TGT (Gujrati) | 02 | Bachelor's Degree from a recognized university with at least 50% marks in the concerned subject/combination of subjects and in aggregate. Candidate should have studied requisite subjects in all three years of degree course. Passed CTET conducted by CBSE as per NCTE guidelines. B.Ed. Degree. Competence in English and Hindi. | रू. 40,625/- per month | 10 months |
| 10. | Matron | 03 | Eligible only for lady (Women), Widow/Divorced women without family responsibilities will be given priority. Minimum educational qualification is to have passed class 10th from any recognized board. As on 01.07.2026 the minimum age should be 35 years and maximum age should Not exceed 55years. Unskilled category salary will be payable As per government rules. It will be mandatory for matron to Stay with girl students in the hostel. Compliance with the rules Specified by Navodaya Vidyalaya Samiti from time to time will have to be ensured. | Central government wage rate under Unskilled category (Pay) | 10 months (vacation periods will not be paid) |

**Note:** (i) Duration of session is to be counted as 90 minutes. (ii) No TA/DA will be admissible for attending the walk-in-interview.

The eligible/willing desired candidate may appear in the interview for the said post. The candidate has to report at PM Shri JNV, Penta, Dornapal, Sukma -1, Distt- Sukma (C.G.) on 01.07.2026 (Monday) by 10:30 AM with Bio Data/ Resume, original testimonials including identity proof and one set of self-attached Xerox copies of each and 02 copies of recent passport size color photograph.

-sd-
Principal
PM Shri School JNV, Sukma-1 (C.G.)

## भूजल संकट से निपटने की तैयारी

# छत्तीसगढ़ में राज्य से लेकर ब्लॉक स्तर तक बनेगी नई निगरानी व्यवस्था

**हरिभूमि न्यूज : रायपुर**

छत्तीसगढ़ में लगातार गिरते भूजल स्तर और कई इलाकों में भूजल भंडारों के क्षरण की चिंता के बीच राज्य सरकार ने भूजल प्रबंधन और नियमन के लिए राज्य, जिला और ब्लॉक स्तर पर नई संस्थाओं के गठन का फैसला किया है। जल संसाधन विभाग के अनुसार अब भूजल के उपयोग, संरक्षण, निगरानी और नियमन के लिए एक बहुस्तरीय प्रशासनिक ढांचा तैयार किया जाएगा। खास बात ये है कि राज्य के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य भूजल प्राधिकरण का गठन किया गया है। सरकार का कहना है कि घरेलू, कृषि और औद्योगिक उपयोग के लिए भूजल राज्य का सबसे महत्वपूर्ण जल स्रोत है, लेकिन अनियंत्रित और तेजी से हो रहे दोहन के कारण कई क्षेत्रों में जलस्तर में गिरावट दर्ज की जा रही है। इसी स्थिति से निपटने के लिए पहले बनाए गए छत्तीसगढ़ भूजल (प्रबंधन एवं विनियमन) अधिनियम, 2022 और भूजल (प्रबंधन एवं विनियमन) नियम, 2024 के तहत अब संस्थागत ढांचे को लागू किया जा रहा है।

### सीएस की अध्यक्षता में राज्य भूजल प्राधिकरण

छत्तीसगढ़ भूजल प्रबंधन एवं विनियामक प्राधिकरण गठन तत्काल प्रभाव से किया गया है। इसके अध्यक्ष मुख्य सचिव होंगे, जबकि जल संसाधन, वित्त, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, कृषि, उद्योग, खनिज संसाधन और नगरीय प्रशासन विभागों के सचिव सदस्य होंगे। जल संसाधन विभाग के प्रमुख अभियंता को सदस्य सचिव और नोडल कार्यपालक अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है। प्राधिकरण में केंद्रीय भूजल बोर्ड, पर्यावरण संरक्षण मंडल, वन विभाग के प्रतिनिधियों के साथ भूजल क्षेत्र के विशेषज्ञों और सामाजिक क्षेत्र के एक प्रतिष्ठित व्यक्ति को भी शामिल किया जाएगा।

### उद्योग-खनन परियोजनाओं के लिए भूजल अनुमति पर रहेगा नियंत्रण

नए प्राधिकरण को भूजल प्रबंधन के लिए अधिसूचित और गैर-अधिसूचित क्षेत्रों का निर्धारण करने, भूजल दोहन की सीमा तय करने तथा औद्योगिक, व्यावसायिक और खनन गतिविधियों के लिए भूजल उपयोग की अनुमति देने का अधिकार दिया गया है। इसके अलावा भूजल दोहन पर लेवी वसूलने, जल उपयोग की निगरानी के लिए आधुनिक तकनीक अपनाने और भूजल मापन उपकरणों की स्थापना सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी भी इसी संस्था की होगी। प्राधिकरण भूजल संबंधी डेटा बेस विकसित करेगा, सेंसर और मैपिंग तकनीकों के माध्यम से अध्ययन कराएगा तथा भूजल और सतही जल के संयुक्त उपयोग को बढ़ावा देगा।

### हर जिले में भूजल प्रबंधन परिषद का गठन

राज्य के सभी जिलों में जिला भूजल प्रबंधन परिषद का गठन किया जाएगा। इसकी अध्यक्षता संबंधित कलेक्टर करेंगे, जबकि जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उपाध्यक्ष होंगे। परिषद में जल संसाधन, कृषि, वन, उद्योग, पर्यावरण, नगरीय निकाय और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभागों के अधिकारी शामिल रहेंगे। जिला परिषद का प्रमुख काम जिला भूजल सुरक्षा योजना तैयार करना, उसका क्रियान्वयन और निगरानी करना होगा। परिषद सभी व्यावसायिक, औद्योगिक और बड़े भूजल उपभोक्ताओं का पंजीयन करेगी तथा भूजल दोहन की अनुमति देने संबंधी अनुशंसा भी करेगी।

### शहरों में जलस्तर पर रहेगी विशेष निगरानी

अब शहरी क्षेत्रों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। जिला भूजल प्रबंधन परिषद को नगरीय निकायों के भीतर घरेलू, पेयजल और कृषि उपयोगकर्ताओं के पंजीयन की व्यवस्था करनी होगी। साथ ही जल स्तर की निगरानी के लिए पाईजोमीटर और डिजिटल वाटर लेवल रिकॉर्डर आधारित टेलीमेट्री नेटवर्क स्थापित किए जाएंगे। यह व्यवस्था भूजल स्तर में होने वाले बदलावों की नियमित निगरानी और समय रहते हस्तक्षेप की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

### ब्लॉक स्तर पर भूजल उपयोगकर्ताओं का पंजीयन

सरकार ने प्रत्येक विकासखंड में भूजल उपयोगकर्ता पंजीयन समिति गठित करने का भी निर्णय लिया है। यह समिति घरेलू और कृषि क्षेत्र के सभी नए तथा मौजूदा भूजल उपयोगकर्ताओं का पंजीयन करेगी। समिति की अध्यक्षता जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी करेंगे, जबकि जल संसाधन विभाग के अनुविभागीय अधिकारी सदस्य सचिव होंगे।

डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
Skin Care
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं
• लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग
• हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी
• कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग
» बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड
» बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### कोचिंग में आग,...

लिए विशेष दल गठित करने का निर्देश दिया।

किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय द्वारा जारी सूची के अनुसार हादसे में मरने वालों की शिनाख्त सागर, नीलेश, अनामिका, संयम, अनुछा, सुखमनी, आदित्य श्रीवास्तव, ज्योति, भविष्य, अब्दुल रहमान, सूरज शाह, शाहजान, जयनिल चक्रवर्ती, मोहम्मद अम्मार और सुमाल्या के रूप में हुई है। सूची के अनुसार हादसे में नौ अन्य लोग भी घायल हुए हैं, जिनका उपचार किया जा रहा है। इस मामले की जांच के लिये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर दो सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। एसआईटी में पर्यटन, धर्मार्थ और संस्कृति विभाग के अपर मुख्य सचिव अमृत अभिजात और लखनऊ जोन के अपर पुलिस महानिदेशक प्रवीण कुमार को शामिल किया गया है और उसे सात दिन में रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है। मुख्यमंत्री अलीगढ का दौरा बीच में ही छोड़कर लखनऊ लौटे और घटनास्थल पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया। वह अस्पताल भी पहुंचे और घायल पीड़ितों से मुलाकात करके संवेदना प्रकट की। देर रात, रक्षा मंत्री और लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। बाद में उन्होंने केजीएमयू के ट्रामा सेंटर पहुंचकर घायलों का हाल जाना।

### उधार दिए पैसे...

बरी कर दिया है। दरअसल, मामला धमतरी जिले के ग्राम बलियारा का है। 17 जून 2014 को तत्कालीन

सरपंच बलराम मंडावी का शव खेत में मिला था। जांच में सामने आया कि उन्होंने कीटनाशक सेवन कर आत्महत्या की थी। घटनास्थल से मिले सुसाइड नोट में ठेकेदार अशोक कुमार वाधवानी का नाम दर्ज था। परिजनों ने आरोप लगाया था कि, चौपाल निर्माण के लिए सामान के एवज में आरोपी अशोक मूल रकम से कई गुना ज्यादा राशि मांग रहा था और लगातार दबाव बना रहा था। इसी प्रताड़ना से परेशान होकर सरपंच ने आत्महत्या कर ली थी।

**पूर्व फैसलों का दिया हवाला-**

जस्टिस रजनी दुबे की एकलपीठ ने मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट और दिल्ली हाईकोर्ट के पूर्व फैसलों का हवाला दिया। कोर्ट ने कहा कि रिकॉर्ड में ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है, जिससे यह साबित हो कि आरोपी ने मृतक को आत्महत्या करने के लिए उकसाया था।

### प्लेसमेंट के नाम...

रवाना कर दिया गया गया है। बता दें कि सरगुजा जैसे आदिवासी अंचल से भोले भाले ग्रामीणों को बेहतर काम के नाम पर दूसरे राज्यों में ले जाकर बंधक बनाए जाने के मामले समय समय पर सामने आते रहते है। काम का झांसा देकर युवक युवतियों को बाहर ले जाया जाता है और उनसे जबरन काम कराने के साथ ही वापस घर नहीं जाने दिया जाता। ऐसा ही एक मामला फिर से सरगुजा में सामने आया है। बंधक बनाई गई युवतियों ने वीडियो बनाकर मदद की गुहार लगाई है। वीडियो बनाने वाली तीनों युवतियां सीतापुर क्षेत्र के ग्राम भरतपुर बेलजोरा बिनई की रहने वाली है। युवतियों का कहना है कि उन्होंने तीन महीने तक जशपुर में सिलाई की ट्रेनिंग ली थी और ट्रेनिंग के बाद उन्हें बोला गया कि प्लेसमेंट में चेन्नई में उन्हें बेहतर काम मिलेगा। रोजगार की लालसा में युवतियां चेन्नई के कांचीपुरम क्षेत्र में गई थी और काम कर रही थी लेकिन जब उन्होंने तबीयत खराब होने पर वापस घर जाने की बात की तो उनके रोका जा रहा है। ऐसे में उन्होंने चेन्नई भेजने वाले लोगों से संपर्क किया लेकिन वे भी युवतियों का फोन नहीं उठा रहे है। इतना ही नहीं वापस जाने के नाम पर उनसे उल्टा दस दस हजार रूपए की मांग की जा रही है।

### वीडियो बनाकर लगाई...

प्रशासन से संपर्क किया और युवतियों को सोमवार की दोपहर 12 बजे तक बरामद कराया गया। इसके साथ ही उन्हें सरगुजा के लिए रवाना किया गया जिसके बाद युवतियों के परिजन ने भी राहत की सांस ली है।

### इतिहास रचा, सरकार...

प्रधानमंत्री कार्यकाल पर कई विवाद छाए रहे हैं। इनमें लेबर पार्टी के सीनियर नेता पीटर मेंडलसन को अमेरिका में ब्रिटेन का राजदूत बनाना भी शामिल है, जबकि उनके दोषी यौन अपराधी जेफरी एप्सटीन से संबंधों की जानकारी पहले से थी।

स्टार्मर ने अपने उत्तराधिकारी के चयन की समयसीमा भी तय करते हुए कहा कि नए नेता का चुनाव जुलाई के मध्य तक कर लिया जाएगा। स्टॉर्मर (63) ने कहा कि लेबर पार्टी के नए नेता के चुने जाने तक वह कार्यवाहक प्रधानमंत्री के रूप में पद पर बने रहेंगे। उन्होंने नए नेता को अपना पूरा समर्थन देने का वादा किया। पिछले सप्ताह हुए एक अहम उपचुनाव में स्टॉर्मर के प्रतिद्वंद्वी माने जाने वाले एंडी बर्नहैम की जीत के बाद उनके प्रधानमंत्री पद से हटने की पृष्ठभूमि तैयार हुई। माना जा रहा कि बर्नहैम प्रधानमंत्री बनेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय '10 डाउनिंग स्ट्रीट' से अपने संबोधन में भावुक स्टॉर्मर ने कहा, मेरी पार्टी अब यह सवाल पूछ रही है कि क्या अगले आम चुनाव में पार्टी का नेतृत्व करने के लिए मैं सबसे उपयुक्त व्यक्ति हूं। उन्होंने कहा, मैंने उस सवाल पर अपनी संसदीय पार्टी का जवाब सुना है और मैं उस जवाब को खुशी-खुशी स्वीकार करता हूं। मैंने जो भी फैसला लिया है, उसमें हमेशा उस देश को प्राथमिकता दी है जिससे मैं प्यार करता हूं। इसीलिए मैं लेबर पार्टी के नेता के पद से इस्तीफा दे रहा हूं।

HMS घमंडी - दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
गैस आउट सिरप
गैस, अरुचि, कब्ज़, अफरा, अपचन
में तुरंत असरकारक नैचुरल आयुर्वेदिक है
सुगर के मरीज भी ले सकते हैं...
HMS देखकर खरीदें
एक बार उपयोग कर देखें
94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है**-डेंटल क्लिनिक मे काम करने के लिए लड़के और लड़कियों की आवश्यकता है। पता- पुराना बस स्टैंड के पास सम्पर्क करें-7879111555 (41216)

**आवश्यकता है**-नर्सरी से 12वीं तक पढ़ाने हेतु टीचर्स एवं सफाईकर्मी की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- सुबह 9बजे से 2बजे संस्कार स्कूल, स्वास्थ्य केन्द्र के सामने, बाजार के पास, उसलापुर 7440549466, 7024853558 (41224)

**आवश्यकता है**-बिलासपुर लॉज में मैनेजर 1 पद, आयु 25 वर्ष से ऊपर वेतन 10000 से ऊपर योग्यता/समय अनुसार एवं अनुभवी बिजली मिस्त्री तत्काल आवश्यकता है सम्पर्क करें- 9406390898, 98279 40898 (41225)

**आवश्यकता है**-रियल एस्टेट में टेली कॉलिंग करने हेतु अनुभवी युवती एवं अनुभवी मार्केटिंग मैनेजर और फ्रैशर लड़के लड़कियों की आवश्यकता है। फिक्स्ड वेतन सम्पर्क करें- अग्रसेन चौक बिलासपुर बायोडाटा भेजें 6263077177 (41215)

**आवश्यकता है**-जिला स्तरीय कम्पनी में भर्ती परमानेंट बेसेस पर पद- फॉरेस्ट गार्ड, क्लर्क, वन पाल, चपरासी, हेतु आवेदन करे 10वी, 12वी पास लड़के लड़कियां, उम्र सीमा 18 से 42 सैलरी26500 से 45500 आवेदन हेतु मार्क शीट, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो,व्हाट्सएप/ कॉल करे- 8400406891 (091)

**आवश्यकता है**-बागेश्वर बालाजी कोल एण्ड ट्रान्सपोर्ट में फिल्ड वर्क हेतु लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- 8516900999 (41227)

**आवश्यकता है**-रायगढ़ रेलवे स्टेशन के बाहर स्थित 24×7 कन्विनियंस स्टोर/ फूड स्टॉल पर कार्य करने हेतु युवक, युवतियों की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- गौरव सिंह 7879226916 (41220)

**आवश्यकता है**-नाश्ता बनाने के लिए ऑल राउंडर कुक की आवश्यकता है (जो नशा नहीं करता हो) सम्पर्क करें- पद्मावती नाश्ता एण्ड टिफिन सेन्टर दिल्ली आईएएस अकादमी के पास मंगला बिलासपुर 97556 55055 (41222)

**आवश्यकता है**-अग्रवाल बुक डिपो होलसेल दुकान में पैकिंग स्टाफ 10वीं, 12वीं पास 3 पोस्ट पर आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार पता- बिहारी टॉकीज के सामने के सामने बिलासपुर 9711088843 (41210)

**आवश्यकता है**-दुकान में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- अरोरा बेकरी, बृहस्पति बाजार के पास बिलासपुर 9827164721 (41203)

**आवश्यकता है**-क्लिनिक में काम करने के लिए लड़की की आवश्यकता है। सैलरी 4000 से 5000, पता- राजीव प्लाजा के पास, पुराना बस स्टैण्ड, बिलासपुर सम्पर्क करें- 7222956588 (41207)

**आवश्यकता है**-Ocean Company में ऑफिस हेतु 10वीं से ग्रेजुएट लड़के, लड़कियां चाहिए उम्र 18-28, आय 10500 से 18000 एवं रहना खाना, सम्पर्क करें- न्यू बस स्टैण्ड, तिफरा, बिलासपुर 8818877406, 9644433021, 07752-337082 (41226)

**आवश्यकता है**-बिलासपुर में अपोलो हॉस्पिटल के पास स्थित लॉन्ड्री दुकान के लिए रिसेप्शनिष्ट (युवक/ युवती) की आवश्यकता है कम्प्यूटर पर एंट्री का ज्ञान होना आवश्यक है। सम्पर्क करें- 9167366183 (41208)

**आवश्यकता है**-ऑफिस कार्य करने के लिए (महिला/ युवती) कम्प्यूटर आपरेटर की आवश्यकता है। वेतन 15000 से 20000 तक सम्पर्क करें- 8817395214 (41218)

**आवश्यकता है**-घर पर खाना बनाने हेतु अनुभवी लेडी कुक एवं गार्डन की देखभाल के लिए माली की आवश्यकता है। स्थान- बिलासपुर, सम्पर्क करें- 9993537989 (41190)

**आवश्यकता है**-सब्जी मण्डी में काम करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है (काम का समय सुबह 6बजे से) योग्यता 10वीं, 12वीं, सम्पर्क करें- 9617118009 (सम्पर्क समय शाम 5बजे से 7बजे तक) (41209)

**आवश्यकता है**-ओम रेफ्रिजरेशन में कम्प्यूटर कार्य हेतु कम्प्यूटर ऑपरेटर की शीघ्र आवश्यकता है। पता- तालापारा रोड भारतीय नगर चौक के पास बिलासपुर सम्पर्क करें- 9827469007 7999913098 (41166)

**आवश्यकता है**-हरिअमृत मैरिज रिसार्ट में कार्य करने हेतु सुपरवाईजर की आवश्यकता हैं अनुभवी को प्राथमिकता पता- सीपत रोड मोपका बिलासपुर 98271-14005 (सम्पर्क समय- सुबह 10बजे से 1बजे, शाम 4बजे से 6बजे) (41229)

**आवश्यकता है**-अनुभवी नशा मुक्त कार ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन 16000 सम्पर्क करें- सक्षम टीएमटी सुनयन चश्मा के बगल में, सदर बाजार, करोना चौक, बिलासपुर (41038)

**आवश्यकता है**-ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित युवकों की जो बाहर उज्जैन इंदौर उदयपुर मे रहकर काम कर सके सैलरी 12000+ कमीशन+ बोनस के साथ महीना 25000 कमाए रहना खाना फ्री लिमिटेड सीट सम्पर्क करें-7777800422 9993044523 (366)

## बेचना

**बेचना है**-बिक्री हेतु फर्स्ट फ्लोर 3BHK फ्लैट, वैष्णवी विहार, श्याम रेजीडेंसी फेज-1, उसलापुर, बिलासपुर 1500 वर्गफीट, रेडी-टू-मूव, कवर्ड पार्किंग, गेटेड कॉलोनी कीमत 31.5लाख नेगोशिएबल सम्पर्क करें-9131948149, 7999461010 (41223)

**बेचना है**-प्राइम लोकेशन मेन रोड सिलपहरी फ्लाई ओवर के पास 300×280 मौके का शानदार प्लाट बेचना है इच्छुक खरीददार ही सम्पर्क करें- 9098728633 (41206)

**बेचना है**-(साईं आनंदम शादी भवन के पास प्रकृति विहार 50×60 डायवर्टेड प्लॉट बाउंड्रीवॉलयुक्त) (घुरू गोकुलधाम विभिन्न साइज डायवर्टेड प्लॉट) (लोखंडी ऊषाउपवन कॉलोनी के सामने 18000 वर्गफुट जमीन) (चकरभाठा एयरपोर्ट के पास विभिन्न साइज प्लॉट) (मोपका चावला ग्रीन के सामने 25×50 के 3प्लॉट) (आरटीओ कार्यालय के पीछे 2000 वर्गफुट डायवर्टेड प्लॉट) (शांति नगर मकान) (ग्राम बहतराई (सकरी) 1एकड़ 60 डिसमिल जमीन) (मुंगेली नाका 13×75 प्लॉट) (कोनी विभिन्न साइज प्लॉट) सम्पर्क 7035244444 (41221)

**बेचना है**-शहर के मध्य अग्रसेन चौक साकेत अपार्टमेंट के प्रथम तल में 2BHK सर्वसुविधायुक्त लिफ्ट सुविधा वाला फ्लैट बेचना है। कीमत 28लाख, खरीददार सम्पर्क करें- 9822655987 (41202)

**बेचना है**-बिलासपुर सिरगिट्टी में गोविन्द नगर में 3225 वर्गफीट का पूर्व मुखी प्लाट और व्यापार विहार में एक कमर्शियल प्लॉट अतिशीघ्र बेचना है जरुरतमंद व्यक्ति सम्पर्क करें- 96300 83740, 9770676030 (41200)

**बेचना है**-4BHK, 4लेटबाथ 2मंजिला नया लक्जरियस मकान 1525 वर्गफीट दो कार पार्किंग गार्डन वॉश एरिया पोर्च, रघु विहार अशोक नगर सरकंडा, 2BHK फर्स्ट फ्लोर फ्लैट विजया रीजेंसी, विजयापुरम, सरकंडा सम्पर्क- 97520 11980 (41228)

**बेचना है**-मंगला, अमन विहार, चड्ढा बाड़ी में नवनिर्मित रेडीटूमूव 3BHK G+1 मकान 3BHK डुप्लेक्स मकान, उत्कृष्ट लोकेशन, आधुनिक निर्माण तुरन्त रहने योग्य कीमत 52लाख से 60लाख सम्पर्क करें- शरद शुक्ला 88712 21106 (41205)

**बेचना है**- बिलासपुर में वार्ड क्रमांक 15 मंगला ठाकुरपारा में मेहबूब मंजिल के सामने, डायवर्टेड प्लॉट साइज 23×63= 1744 वर्गफिट अतिशीघ्र बेचना है खरीददार सम्पर्क करें- 9755150869 (41212)

**Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM**

## किराया

**किराया**-बिलासपुर व्यापार विहार में गुम्बर पैट्रोल पम्प के पीछे VR NEXUS बिल्डिंग में फर्स्ट फ्लोर 2560 वर्गफुट, सेकेण्ड फ्लोर 1910 वर्गफुट किराये पर उपलब्ध (पार्किंग सुविधा) सम्पर्क करें- 9589740766, 94255 30355 (40953)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230

| | |
|---|---|
| शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- | मो. 9993567380, 8770837744 |
| एड प्रयास:- | मो. 9826701269, 9926003943 |
| श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- | मो. 9827168452, 9300625174 |
| रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- | मो. 9826129386, 8319503386 |
| जे.जे. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9300659628 |
| रौनक पब्लिसिटी:- | मो. 9300328290, 9981658490 |
| भार्गव एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827167997 |
| श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- | मो. 9826705603 |
| एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827180896, 9131155033 |
| श्री श्याम पब्लिसिटी:- | मो. 9425540759 |
| अमित पब्लिकेशन:- | मो. 9826304304, 9827124304 |
| विप्रा विज्ञापन सेवा:- | मो. 9302462506 |
| माधवास & कम्पनी:- | मो. 9977185123, 9893115084 |
| बालाजी एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827466133, 9907047586 |

Medicare Specialists
छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

आपके सपनों का आशियाना
जल्द होगा आपका...

पढ़ते रहे हरिभूमि क्लासिफाइड
सब कुछ है यहां

## स्पेन ने सऊदी अरब को 4-0 से हरा

# यामल बने सबसे कम उम्र में गोल करने वाले 8वें खिलाड़ी




एजेंसी ▶▶| अटलांटा

किशोर सुपरस्टार लामिन यामल ने फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर पहली बार शुरुआती लाइनअप में शामिल होने के 10 मिनट के भीतर ही गोल किया जबकि मिकेल ओयारजाबल ने दो गोल दागे, जिससे स्पेन सऊदी अरब को 4-0 से हराकर विश्व कप में अपना अभियान वापस पटरी पर लाने में सफल रहा। खिताब के प्रबल दावेदार स्पेन ने अपना पहला मैच केप वर्दे के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ खेला था और उसे बड़ी जीत की सख्त दरकार थी। 18 वर्षीय फॉरवर्ड यामल ने दूर के पोस्ट पर स्लाइड करते हुए एक लो क्रॉस को शानदार तरीके से गोल में तब्दील कर पहला गोल दागा। इससे वह विश्व कप के इतिहास में सबसे कम उम्र में गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में आठवें नंबर पर काबिज हो गए। यामल को पहले मैच में दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतारा गया था। स्पेन की तरफ से 18 वर्षीय फॉरवर्ड यामल ने दूर के पोस्ट पर स्लाइड करते हुए एक लो क्रॉस को शानदार तरीके से गोल में तब्दील कर पहला गोल दागा। इससे वह विश्व कप के इतिहास में सबसे कम उम्र में गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में आठवें नंबर पर काबिज हो गए।

### विश्व कप में गोल करना सपना सच होने जैसा : यामल

यामल ने कहा, 'पहले मैच में वास्तव में हम अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे लेकिन अब हम लय में आ गए हैं और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं।' उन्होंने कहा, मैंने हमेशा विश्व कप में खेलने का सपना देखा था और शुरुआती लाइनअप में अपने पहले ही मैच में गोल करना मेरे लिए सपने के सच होने जैसा है। मैंने पिछला विश्व कप क्लासरूम में बैठकर देखा था, इसलिए अपनी मां और परिवार के सामने गोल करना मेरे लिए सपना सच होने जैसा है।'

# इजिप्ट का इंतजार खत्म, दर्ज की पहली जीत, सालाह ने दागा अपना 68वां गोल



## मिस्र ने न्यूजीलैंड को 3-1 से हराया

एजेंसी ▶▶| वैंकूवर

स्टार स्ट्राइकर मोहम्मद सालाह ने सही समय पर अपना जलवा दिखाया और निर्णायक गोल किया, जिससे मिस्र ने न्यूजीलैंड को 3-1 से हराकर विश्व कप फुटबॉल में अपनी पहली जीत दर्ज की। सालाह ने 67वें मिनट में अपना 68वां अंतरराष्ट्रीय गोल करने के बाद मुट्ठी हवा में लहराकर जश्न मनाया, जिसके बाद उनके साथियों ने उन्हें घेर लिया। बीसी प्लेस वैंकूवर में खचाखच भरे स्टेडियम में लाल रंग की जर्सी पहने इजिप्ट के प्रशंसक इससे रोमांचित हो गए।

जब 85वें मिनट में सालाह की जगह दूसरे खिलाड़ी को उतारा गया तो दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। इस जीत के साथ मिस्र ग्रुप जी में शीर्ष पर पहुंच गया है, लेकिन अभी तक




नॉकआउट राउंड में उसकी जगह पक्की नहीं हुई है। मिस्र को शुक्रवार को सिएटल में ईरान के खिलाफ निर्णायक मैच खेलना है, जिसमें उसे आगे बढ़ने के लिए कम से कम ड्रॉ जरूरत होगी। मिस्र चार साल पहले कतर में हुए विश्व कप में नहीं खेल पाया था। वह चौथी बार विश्व कप में भाग ले रहा है। सालाह ने 2018 में रूस में खेले गए विश्व कप में दो गोल किए थे।

# केप वर्दे का जादुई प्रदर्शन, अब उरुग्वे के साथ खेला ड्रॉ

## ग्रुप एच : केप वर्दे ने किया टूर्नामेंट का पहला गोल

**मियामी गार्डन्स।** अपने पहले मैच में खिताब की प्रबल दावेदार स्पेन को चौंकाने वाले केप वर्दे ने अपना जादूई प्रदर्शन जारी रखते हुए दो बार के विश्व कप चैंपियन उरुग्वे के खिलाफ भी यही कारनामा दोहराया और पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मैच 2-2 से ड्रॉ कराया। केविन पिना ने 21वें मिनट में फ्री किक पर गोल करके विश्व कप में केप वर्दे का पहला गोल किया जबकि हेलियो वारेला ने 61वें मिनट में बराबरी का गोल दागा। मैक्सी अराउजो (44वें) और अगस्टिन कैनोबियो (इंजरी टाइम के छठे



मिनट) ने पहले हाफ के आखिर में गोल करके उरुग्वे को बढ़त दिलाई, लेकिन दूसरे हाफ में उसकी टीम मौके मिलने के बावजूद गोल करने में नाकाम रही। केप वर्दे के पास नॉक आउट चरण में जगह बनाने का सुनहरा मौका है। उसके अब ग्रुप एच में उरुग्वे के बराबर दो अंक हैं और उसे अपना अंतिम मैच सऊदी अरब के खिलाफ खेलना है। केप वर्दे अफ्रीका के पश्चिमी तट पर स्थित द्वीपों का एक समूह है, जिसका कुल क्षेत्रफल लगभग 4 हजार वर्ग मीटर है। उसकी आबादी लगभग 5 लाख है। इससे केप वर्दे जनसंख्या के हिसाब से विश्व कप में खेलने वाला तीसरा सबसे छोटा देश बन गया।

# ग्रुप-जी का अजीब गणित, सारे मैच ड्रॉ, चारों टीमों के 2-2 अंक

एजेंसी ▶▶| इंगलवुड

बेल्जियम ने दूसरे हाफ में अधिकतर समय 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने के बावजूद आक्रामक रवैया अपनाया लेकिन वह ईरान के गोलकीपर अलीरेजा बेइरानवंद को नहीं छका पाए, जिससे इन दोनों देशों के बीच विश्व कप फुटबॉल के ग्रुप जी का मैच गोलरहित बराबरी पर छूटा।

बेल्जियम और ईरान दोनों को इस मैच में जीत की सख्त दरकार थी लेकिन इन दोनों ने अपना लगातार दूसरा मैच ड्रॉ खेला। असल में ग्रुप जी में अभी तक सभी मैच ड्रॉ रहे हैं और चारों टीम के दो-दो अंक हैं। बेल्जियम हालांकि गोल अंतर के कारण सबसे नीचे है जबकि ईरान दूसरे स्थान पर है। न्यूजीलैंड पहले और मिस्र तीसरे स्थान पर है।

ईरान और बेल्जियम ने खेला ड्रा, अलीरेजा ने रोके 7 अटैक




### बेल्जियम के डिफेंडर नगोय को मिला रेड कार्ड

बेल्जियम के डिफेंडर नाथन नगोय को 66वें मिनट में लाल कार्ड मिला जब उन्होंने गेंद को पीछे की ओर गलत तरीके से किक किया और फिर ईरान के स्टार खिलाड़ी मेहदी तारेमी को गोल करने का साफ मौका मिलने से रोकने के लिए फाउल किया। ईरान इसका फायदा नहीं उठा सका। इसके विपरीत वह बेल्जियम था, जिसने मैच के अंतिम क्षणों में गोल करने की बेहतर मौके बनाए। लेकिन बेइरानवंद मजबूत दीवार की तरह खड़े रहे। उन्होंने सात बार गेंद को गोल में जाने से रोका। सोफी स्टेडियम में आए इस नतीजे से दोनों में से कोई भी टीम खुश नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



### यामाशिता ने खिताब जीता 24वें स्थान पर अदिति

**बेलमोंट।** भारत की अदिति अशोक अंतिम दौर में एक अंडर 71 के स्कोर से मायेर एलपीजीए क्लासिक टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से 24वें स्थान पर रहीं। अदिति का टूर्नामेंट में कुल स्कोर आठ अंडर रहा। पूर्व मेजर विजेता मियु यामाशिता ने प्ले ऑफ में लोटी वोड को पछाड़कर खिताब जीता। दोनों खिलाड़ियों का स्कोर 17 अंडर पार था, जिसके बाद मियु ने पहले प्ले ऑफ होल में बर्डी के साथ खिताब अपने नाम किया। अदिति शुरुआती दो दौर में तीन अंडर 36 के समान स्कोर से शीर्ष 10 में जगह बनाने की दावेदार थीं लेकिन आखिरी दो दौर में 71 के स्कोर से पिछड़ गईं।

### इंग्लिश ओपनः संयुक्त 12वें स्थान पर तलवार

**वॉरसेस्टरशर।** भारतीय गोल्फर सप्तक तलवार ने मौजूदा साल का भारत के बाहर सर्वश्रेष्ठ नतीजा हासिल किया जब वह इंग्लिश ओपन में संयुक्त रूप से 12वें स्थान पर रहे। तलवार मामूली अंतर से शीर्ष 10 में



जगह बनाने से चूक गए। उनका कुल स्कोर 10 अंडर रहा और वह संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर रहे खिलाड़ियों से एक शॉट पीछे रहे। अंतिम दौर में चार अंडर 68 का स्कोर बनाने वाले तलवार को शीर्ष 10 में जगह बनाने के लिए अंतिम होल में एक बर्डी की जरूरत थी लेकिन वह पार का स्कोर ही बना पाए। इस साल भारत में तलवार का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पीजीटीआई ओपन में संयुक्त दूसरे स्थान पर रहना रहा है। अमेरिका के जॉन कैटलिन (67) ने प्ले ऑफ में नॉर्वे के क्रिस्टियन क्रोग योहानसेन (66) को पछाड़कर खिताब जीता। दोनों का स्कोर 18 अंडर रहा था जो उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वियों से पांच शॉट बेहतर था।

## आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप

# 16 वर्षीय प्रीतम ने एयर राइफल में जीता गोल्ड

एजेंसी ▶▶| सुहल

युवा निशानेबाज प्रीतम केंद्रे ने अपने कौशल और एकाग्रता का शानदार नमूना पेश करते हुए आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता।भारत ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में कांस्य पदक भी जीता, जिससे उसके पदकों की कुल संख्या 11 हो गई। इनमें पांच स्वर्ण पदक भी शामिल हैं। अपने दूसरे अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग ले रहे 16 वर्षीय प्रीतम ने 8 खिलाड़ियों के फाइनल में 251.3 का स्कोर बनाकर तटस्थ खिलाड़ी टिमोफेई एलेनिकॉव और नॉर्वे के जेन्स ओस्टली को पीछे छोड़ते हुए भारत को स्वर्ण पदक दिलाया। पुणे के इस



निशानेबाज ने हाल ही में अपनी कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण की थी।

### मेरा पूरा ध्यान प्रत्येक शॉट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर : प्रीतम

प्रीतम ने कहा, 'मैं स्वर्ण पदक जीत कर बेहद खुश हूं। प्रतियोगिता के दौरान मेरा पूरा ध्यान अपनी तकनीक और प्रत्येक शॉट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर था। उन्होंने कहा, ' विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने से मेरा आत्मविश्वास काफी बढ़ा है। मैं 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में लगातार सुधार करना चाहता हूं और देश के लिए लगातार पदक जीतना चाहता हूं।'

# आईसीसी ने प्रेग्नेंट महिला खिलाड़ियों के लिए जारी की नई गाइडलाइंस

एजेंसी ▶▶| दुबई

आईसीसी ने महिला क्रिकेटरों के लिए प्रेग्नेंसी के बाद खेल में वापसी को आसान बनाने के उद्देश्य से नई गाइडलाइन जारी की है। इस छह-स्तरीय योजना के तहत खिलाड़ियों को ट्रेनिंग, मेडिकल रिकवरी, यात्रा और बच्चों की देखभाल से जुड़ी सहायता मिलेगी।

इसके तहत महिला खिलाड़ी अब प्रेग्नेंसी के बाद आसानी से क्रिकेट के मैदान में वापसी कर सकेंगी। इसके लिए आईसीसी ने छह चरणों वाली




एक गाइडलाइन जारी की है। इससे बच्चे को जन्म देने के बाद महिला खिलाड़ियों का करियर प्रभावित नहीं होगा और उन्हें वापसी के लिए हरसंभव मदद मिलेगी।

### आईसीसी करेगी मदद

आईसीसी की गाइडलाइन के अनुसार, क्रिकेट बोर्ड खिलाड़ी के लिए एक विशेष मैनेजर नियुक्त करेगा। यह मैनेजर खिलाड़ी की हरसंभव सहायता करेगा। इसमें खिलाड़ी की ट्रेनिंग को लचीला बनाना, बच्चों की देखभाल और यात्रा में मदद करना शामिल होगा। इसके अलावा बच्चे के जन्म के बाद मेडिकल अवकाश और रिकवरी के लिए भी हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

# विंबलडन में सिंगल्स खेलेंगी सेरेना, मिला वाइल्ड कार्ड

एजेंसी ▶▶| लंदन

सेरेना विलियम्स ने तीन सप्ताह पहले घोषणा की थी कि वह चार साल के बाद पेशेवर टेनिस में वापसी कर रही हैं, लेकिन अब स्पष्ट हो गया है कि यह दिग्गज खिलाड़ी 44 साल की उम्र में विंबलडन के महिला एकल में अपना जलवा दिखाएंगी।

पिछले तीन सप्ताह से कयास लगाए जा रहे थे कि 23 बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सेरेना विंबलडन के एकल में खेलेगी या नहीं लेकिन अब ऑल इंग्लैंड क्लब ने एक वाक्य



के बयान में सब कुछ साफ कर दिया है। ऑल इंग्लैंड क्लब ने ग्रास कोर्ट पर होने वाले इस ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के शुरू होने से आठ दिन पहले बयान जारी करके कहा, 'सेरेना विलियम्स (अमेरिका) को महिला एकल वर्ग में अंतिम वाइल्ड कार्ड दिया गया है।' सेरेना इस तरह से विंबलडन में एकल और युगल दोनों में खेलेंगी। उन्होंने पहले ही अपनी बड़ी बहन वीनस के साथ युगल प्रतियोगिता के लिए वाइल्ड कार्ड स्वीकार कर लिया है। विंबलडन ने रविवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर कहा, 'यह कोई 'ड्रिल' नहीं है।'

# डच लेडीज ओपन : शीर्ष पांच में दीक्षा, अवनि और प्रणवी



एजेंसी ▶▶| एमनेस

भारतीय महिला गोल्फरों ने लेडीज यूरोपीय टूर पर अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में से एक किया जब दीक्षा डागर, अवनि प्रशांत और प्रणवी उर्स डच लेडीज ओपन में शीर्ष पांच में जगह बनाने में सफल रहीं।

दीक्षा और अवनि आठ अंडर 208 के कुल स्कोर से संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहीं जबकि प्रणवी ने सात अंडर के कुल स्कोर से संयुक्त रूप से पांचवां स्थान हासिल किया। दीक्षा मौजूदा सत्र में चौथी बार शीर्ष 10 में जगह बनाने में सफल रहीं जबकि अवनि ने लगातार दूसरे टूर्नामेंट में शीर्ष पांच में जगह बनाई। प्रणवी मौजूदा वर्ष में पहली बार शीर्ष पांच में शामिल रहीं। अवनि नौ अंडर के स्कोर से ओंचसिया उतामा के साथ प्ले ऑफ की दौड़ में शामिल थीं लेकिन 17वें होल में बोगी के कारण आठ अंडर के स्कोर पर आ गईं।

# अनुभवी और युवा जोड़ी से भारत को उम्मीदें

**फुलर्टन।** अनुभवी खिलाड़ी लक्ष्य सेन और उभरती हुई स्टार तन्वी शर्मा मंगलवार से शुरू होने वाले यूएस



ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती की अगुवाई करेंगे। इस प्रतियोगिता के एकल में कई अन्य भारतीय खिलाड़ी भी अपना भाग्य आजमाएंगे, जिनमें पुरुष वर्ग में किदाम्बी श्रीकांत भी शामिल हैं। महिला वर्ग में कुल 7 भारतीय खिलाड़ी एकल में चुनौती पेश करेंगे।

### सेन को दी गई दूसरी वरीयता

विश्व रैंकिंग में 14वें स्थान पर काबिज सेन को दूसरी वरीयता दी गई है और पहले दौर में उनका मुकाबला बेल्जियम के जूलियन कैरागी से होगा। श्रीकांत पुरुष एकल में अपना पहला मैच चीनी ताइपे के लियाओ झूओ-फू के खिलाफ खेलेंगे। सानीथ दयानंद जापान के चौथी वरीयता प्राप्त युदाई ओकिमोतो के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे।

# जीत की लय के साथ आज पाकिस्तान के खिलाफ उतरेगी हॉकी टीम

एजेंसी ▶▶| लंदन

ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड के खिलाफ रोमांचक जीत से आत्मविश्वास से भरी भारतीय पुरुष हॉकी टीम मंगलवार को एफआईएच प्रो लीग के लंदन चरण के शुरुआती मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ इसी लय को बनाए रखने की कोशिश करेगी। भारत और पाकिस्तान 2024 में चीन के हुलुनबुइर में हुए एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी मुकाबले के बाद पहली बार एक-दूसरे का सामना करेंगे। उस मैच में कप्तान हरमनप्रीत सिंह के दो



गोल की बदौलत भारत ने 2-1 से जीत हासिल की थी। भारत ने रोटरडम में चार में से दो मैच जीते। उन्होंने रविवार को रोटरडम चरण के आखिरी मैच में मेजबान और दुनिया की दूसरे नंबर की टीम नीदरलैंड को 3-2 से हराया। भारत को दूसरी जीत (3-1) मौजूदा विश्व चैंपियन और दुनिया की पांचवें नंबर की टीम जर्मनी के खिलाफ मिली। अन्य दो मैच में भारत को नीदरलैंड के खिलाफ 2-3 जबकि जर्मनी के खिलाफ 1-2 से हार का सामना करना पड़ा।

### नीदरलैंड चरण का अनुभव बहुमूल्य

भारतीय टीम के लिए नीदरलैंड चरण का अनुभव बहुमूल्य रहा है। टीम इस टूर्नामेंट का इस्तेमाल इस साल होने वाली दो बड़ी प्रतियोगिताओं एफआईएच विश्व कप और एशियाई खेलों (जो ओलंपिक क्वालीफायर भी है) से पहले अपनी कमियों को सुधारने के लिए कर रही है।

**OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (CIVIL), CSPGCL,**
**Shed No. 11, Dangania, Raipur-492013 Phone No. 0771-2574562,**
**website www.cspc.co.in E-mail:- civilprojectcmg@gmail.com**

**No.04-04/W/556** **Raipur, date 17.06.2026**

**E-TENDER NOTICE**

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from contractors registered in appropriate class in CSPGCL. The unregistered contractor having work experience in Govt./Public Sector Undertaking/ Local bodies/Power Generating Companies in India only may be considered on submission of experience certificate for following works as mentioned below:-

| Tender Specifi. No. | Name of Work | NIT value |
|---|---|---|
| CEC/HTPS-KW/W/ 2026 40 | Annual operation and maintenance of 2 MLD Sewage Treatment Plant HTPS, CSPGCL, Korba West **E-Comp. No.-306350** | 28.13 Lacs |
| CEC/HTPS-KW/ W/ 2026/41 | Annual cleaning of sewer line, septic tank & manhole etc. by mechanical means of AB, CD & FG type colony at HTPS, CSPGCL, Korba West **E-Comp. No. 361209** | 13.78 Lacs |

Note:- (i) The detailed NIT, Eligibility Criteria, Tender document & other details can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal.(ii) NIT value is inclusive of GST @ 18%.

**Chief Engineer (Civil)**
**CSPGCL, Raipur**

SAVE ELECTRICITY

**CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO. LTD.**
(A Government of Chhattisgarh Undertaking) CIN- U40108CT2003SGC0158200 GSTIN-22AADCC5773E1ZX
**OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (SUB-STATION)**
**Transmission Building, CSPTCL Tifra, Bilaspur (C.G.) 495001**
Website- www.cspc.co.in e-mail:- cessonm.bilaspur@cspc.co.in Ph. No. 07752-493537 Fax No. 07752-493537

**No. 02-17/Pur/T-637/756** **Bilaspur, Date: 17/06/2026**

**NOTICE INVITING TENDER**

Sealed tenders are invited from eligible experienced contractor on contract basis for the following works:-

| SN | Tender No. | Particulars | E.M.D |
|---|---|---|---|
| 01. | 02-17/Pur/ T-637/756 Dtd.17.06.26 (RFx No. 8100052377) | Hiring of vehicle Car (Category-I) for E.D.(S/s) CSPTCL Bilaspur for a period of 03years. | 21,000.00 |
| Cost of Tender Documents (Non-refundable) incl. GST@18% | | | 2,000.00 |
| Last Date & Time of Sale of Tender: - | | 09/07/2026 | 15:00 Hrs |
| Last Date & Time of Submission of Tender:- | | 10/07/2026 | 15:00 Hrs |
| Date & Time of Opening of Tender :- | | 10/07/2026 | 15:30 Hrs |

**Note:-** (i) In case any of the above date is declared as holiday, then the particular date will automatically get shifted to next working day.(ii) Any notice for extension of due date of tender opening shall not be published in newspapers. It will be displayed only on official website of the company.(iii) The tender will be processed through e-bidding module of SAP-SRM. Bidders are advised to visit our web site www.cspc.co.in/csptcl for viewing detailed instructions regarding submission of offer through SAP-SRM

**Executive Director (Sub-Station)**
**CSPTCL Bilaspur**

SAVE ELECTRICITY

## मौत को मात देने वाला समुद्री डायनासोर!

**बर्लिन।** जर्मनी के बायरेउथ के पास मिस्टेलगाऊ इलाके में एक बेहद खास फॉसिल मिला है, जिसने वैज्ञानिकों को चौंका दिया है। यह फॉसिल लगभग 180 मिलियन साल पुराना है और जुरासिक काल के एक बड़े समुद्री सरीसृप से जुड़ा है। इस खोज ने यह समझने में मदद की है कि उस समय के जीव कैसे रहते थे और मुश्किल हालात में भी कैसे जीवित रहते थे। यह फॉसिल मिस्टेलगाऊ नाम के एक समुद्री सरीसृप का है। यह जीव देखने में आज के डॉल्फिन जैसा लगता था, लेकिन असल में यह एक इचथियोसॉर था, जो जुरासिक काल में समुद्रों में रहता था।

## तस्वीरें देख हैरान हो उठे वैज्ञानिक

# मंगल ग्रह पर आया महाप्रलय!




**वॉशिंगटन।** मंगल ग्रह पर एक बार फिर खौफनाक और हैरान कर देने वाला नजारा सामने आया है। अंतरिक्ष वैज्ञानिकों ने मंगल ग्रह की कुछ ऐसी तस्वीरें जारी की हैं, जिन्होंने पूरी दुनिया को हैरान कर दिया है। लाल ग्रह की एक सुनसान और प्राचीन घाटी में अचानक एक-दो नहीं, बल्कि दर्जनों भयंकर बवंडर उठ रहे हैं। सैकड़ों फुट ऊपर उठ रहे धूल के चक्रवात इतनी तेजी से घूम हे हैं कि इन्होंने वैज्ञानिकों को भी हैरान कर दिया है। यूरोपीय स्पेस एजेंसी के मार्स एक्सप्रेस स्पेसक्राफ्ट ने मंगल ग्रह की ये भयानक तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में मंगल ग्रह की एक विशाल घाटी में दर्जनों डस्ट डेविल्स यानी धूल के बवंडर या चक्रवात घूमते हुए दिखाई दे रहे हैं। जिससे पता चलता है कि लाल ग्रह पर चलने वाली हवाएं हमारी उम्मीद से कहीं ज्यादा तेज और शक्तिशाली हैं।

### क्या होते हैं डस्ट डेविल्स?

यूरोपीय स्पेस एजेंसी के मुताबिक, जब सूर्य की रोशनी से मंगल ग्रह की सतह गर्म होती है, तो उसके ठीक ऊपर की हवा तेजी से ऊपर की ओर उठने लगती है। यह गर्म हवा अपने साथ भारी मात्रा में धूल को ऊपर खींचने का काम करती है, इससे एक घूमता हुआ बवंडर बनने लगता है। वैज्ञानिकों के मुताबिक ये बवंडर पृथ्वी के रेगिस्तानों में दिखने वाले धूल के चक्रवातों जैसे ही दिखाई देते हैं, लेकिन आकार में उनसे कहीं बहुत बड़े हैं। मंगल ग्रह के ये बवंडर 8 किलोमीटर तक ऊंचे हो सकते हैं और कई किलोमीटर दूर तक यात्रा करते हैं। इनकी रफ्तार 45 मीटर प्रति सेकंड तक जा सकती है।

### रोवर्स के रिकॉर्ड भी टूटे

मार्स एक्सप्रेस पर लगे हाई रेजोल्यूशन स्टीरियो कैमरा ने इस एरिया में लगभग 30 एक्टिव बवंडरों को कैमरे में रिकार्ड किया है। तस्वीरों में ये छोटे पीले डॉट्स और उनके पीछे गुलाबी रंग की परछाई जैसे दिखाई दे रहे हैं। वैज्ञानिकों के अनुमान के मुताबिक इन बवंडरों के अंदर हवा की स्पीड 158 किलोमीटर प्रति घंटा तक होती है, जो मंगल ग्रह की सतह पर मौजूद किसी भी रोवर द्वारा अब तक रिकॉर्ड की गई स्पीड से कहीं ज्यादा है।

## वो शहर, जहां अलग भाषा बोलते हैं औरत और मर्द

**अबूजा।** दुनिया में हजारों भाषाएं बोली जाती हैं, लेकिन ज्यादातर जगहों पर मर्द और औरत एक ही भाषा का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन, नाइजीरिया में एक ऐसा गांव है जहां यह नियम टूट जाता है। उबांग (गांव में पुरुष और महिलाएं अलग-अलग शब्दों का इस्तेमाल करते हैं। फिर भी वे एक-दूसरे को बिना किसी दिक्कत के समझ लेते हैं। यह भाषाई चमत्कार भाषाविदों को हैरान कर रहा है।नाइजीरिया के क्रॉस रिवर स्टेट में बसा उबांग गांव लगभग 7000 लोगों की आबादी वाला छोटा सा इलाका है। यहां पुरुष एक तरह की भाषा बोलते हैं तो महिलाएं दूसरी. रोजमर्रा की चीजों के लिए उनके शब्द पूरी तरह अलग हैं।














**Authorized Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Bilaspur**: Tifra Over bridge TRIPUR BAJAJ 9752133444, 9754033444 • Naya Sarkanda KHANDELWAL BAJAJ 9300998989, 9165555222 • Old Bus Stand TRIPUR BAJAJ 7999848912, • **Mungeli** : KHANDELWAL BAJAJ 9399021705, 07755299124 • **Lormi** : KHANDELWAL BAJAJ 9399021701 • **Ambikapur** LAXMI BAJAJ 9074816511, 9754830536 • **Janjgir** SHREE SALASAR BAJAJ 9179981000 • **Champa** 8319235702 • **Korba** TIRUPATI BAJAJ 6232103042, 7879313041 • **Dipka** TIRUPATI BAJAJ 9302444204, **Jamnipali** TIRUPATI BAJAJ 6232123757 • **Raigarh** JINDAL BAJAJ 9589905646,7067109202 • **Jashpur** JINDAL BAJAJ 8817775566, **Baikunthpur** KOREA BAJAJ 9752949291.


हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com